प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त- 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28
Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-214 | सांध्य दैनिक | मथुरा, सोमवार, 28 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


WORLD NEWS DAY
28 सितंबर 2026 | worldnewsday.org

क्योंकि
#सच_जानना_आपका_अधिकार है।

हम
सवाल करते हैं।

क्या आप बात कर सकते हैं?
क्या आप वापस फ़ोन करेंगे?
क्या आप मुझे बता सकते हैं कि असल में क्या हुआ?
आपको कैसे पता कि यह सच है?
क्या यह फिर एक बंद रास्ता है?
क्या मैं आप पर भरोसा कर सकता हूँ?
*अगर यह छिपा रहा तो किसे फ़ायदा होगा?*
क्या आप इसे साबित कर सकते हैं?
आप मुझे क्या नहीं बता रहे?
क्या आप आधिकारिक रूप से बोलने के लिए तैयार हैं?
और कौन इस बारे में जानता है?

हम
पड़ताल करते हैं।

यह बात समझ में नहीं आती।
वे फिर से हमें रोकने की कोशिश कर रहे हैं।
मुझे लगता है हमें कुछ सुराग मिल रहा है।
रिकॉर्ड खंगालते हैं।
घटनाक्रम तैयार करें।
पहले गवाह को खोजें।
जितना वे बता रहे हैं, मामला उससे कहीं बड़ा है।
कोई कुछ छुपा रहा है।
ये दस्तावेज़ कुछ और ही कहानी बयाँ करते हैं।
जनता को जानने का हक़ है।
देखते हैं यह सब कहाँ तक पहुँचता है।

हम
समझाते हैं।

आइए इसे और आसान भाषा में समझें।
मैं आपको इसके क़ानूनी पहलू समझाता हूँ।
ठीक है, मुझे इसे दूसरे तरीके से कहने दीजिए।
तो कौन, क्या, कहाँ, क्यों और कब—सब स्पष्ट है।
यह पूरा संदर्भ है।
इस पूरे मामले का सीधा सा मतलब यह है।
बिल्कुल सही!

हम
कभी हार नहीं मानते।

फिर से जाँचते हैं।
हमें एक और स्रोत चाहिए।
मैं देर तक रुकूँगा।
एक और कॉफ़ी मँगवाएँ।
एक बार और कॉल करें।
अपनी समझ पर भरोसा रखें।
हम क़रीब पहुँच रहे हैं।
यह काफ़ी नहीं है।
मैं इंतज़ार करूँगा।
मैं आपके पास आऊँगा।
यह अंत नहीं, बस एक ठहराव है।
हम इसे अभी प्रकाशित नहीं कर सकते।
एक दिन हम इसकी पुष्टि कर सकेंगे।
मैं हर साल जाँचूँगा कि स्थिति में कोई बदलाव आया है या नहीं।
ठीक है, यही वह अहम कड़ी है जिसकी कमी थी।
हमें मिल गया।
इसे एक बार और पढ़ें।
यह सब कुछ बदल सकता है।

तथ्य जानें। समझें क्या मायने रखता है। विश्वसनीय पत्रकारिता चुनें।

प्रस्तुतकर्ता
World Editors Forum
The Canadian Journalism Foundation / La Fondation pour le journalisme canadien
PROJECT KONTINUUM
सहयोग से
MacArthur Foundation

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

INS ACCREDITED
यूंनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

# यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त- 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update

www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-214 | सांध्य दैनिक | मथुरा, सोमवार, 28 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# कार्टून कैरेक्टर में खो रहे बच्चे, बढ़ रहा है चिड़चिड़ापन

## मोबाइल-टेबलेट से बढ़ा स्क्रीन टाइम, खेल और संवाद प्रभावित

## स्क्रीन बंद करने पर जिद और बेचैनी से अभिभावक चिंतित



**यूनिक समय, मथुरा।** मोबाइल और टेबलेट बच्चों की दिनचर्या का हिस्सा बनते जा रहे हैं। कार्टून और एनिमेशन देखने के लिए बच्चे घंटों स्क्रीन के सामने बिताने लगे हैं। इसका असर अब उनके व्यवहार में भी दिखाई देने लगा है। स्क्रीन बंद करने के लिए कहने पर जिद करना, छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ापन, नाराजगी और परिवार से बातचीत कम करना अभिभावकों के लिए चिंता का कारण बन रहा है।

शहर निवासी आठ साल का विक्रांत रोजाना कई घंटे मोबाइल पर कार्टून देखता है। उसके पिता के अनुसार, मोबाइल हटाने पर वह नाराज हो जाता है और कुछ देर तक किसी से बातचीत नहीं करता। परिवार के लोगों ने उसके मोबाइल इस्तेमाल का समय कम करने की कोशिश की, लेकिन वह जिद करने लगता है।

इसी तरह गौरी (7) भी टीवी पर एनिमेशन देखने में काफी समय बिताती है। परिजनों के अनुसार, पहले वह आसपास के बच्चों के साथ खेलने में रुचि लेती थी, लेकिन अब खाली समय में टीवी पर कार्टून देखना पसंद करती है। कई बार उसके व्यवहार में भी कार्टून कैरेक्टर की नकल दिखाई देती है। इसे देखते हुए परिजन उसे क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. रेनू अग्रवाल के पास लेकर पहुंचे।

### व्यवहार में बदलाव को नजरअंदाज न करें

जिला अस्पताल के फिजीशियन डा. रवि माहेश्वरी के अनुसार, अत्यधिक स्क्रीन टाइम के कारण कुछ बच्चों में चिड़चिड़ापन, जिद और स्क्रीन न मिलने पर बेचैनी जैसी व्यवहार संबंधी समस्याएं दिखाई दे सकती हैं। हालांकि, इसका असर हर बच्चे पर एक जैसा नहीं होता। अभिभावकों को स्क्रीन टाइम के साथ बच्चे की नींद, पढ़ाई, खेलकूद और सामाजिक व्यवहार पर भी नजर रखनी चाहिए। व्यवहार में लगातार बदलाव दिखाई देने पर विशेषज्ञ की सलाह लेना उचित है।

### एक ही गतिविधि में सिमट रही बच्चों की दिनचर्या

बच्चों में बढ़ता स्क्रीन इस्तेमाल केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है। इसका असर उनकी दिनचर्या पर भी पड़ रहा है। लंबे समय तक मोबाइल या टीवी देखने से बच्चों का खेलकूद, परिवार के साथ बातचीत और दूसरे बच्चों के साथ मेलजोल प्रभावित हो रहा है। बच्चे लगातार एक ही तरह की गतिविधि में समय बिताने के आदी हो सकते हैं। अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों के स्क्रीन टाइम की सीमा तय करें। इसके साथ उन्हें खेलकूद, किताब पढ़ने और परिवार के साथ बातचीत के लिए भी पर्याप्त समय देना चाहिए।

# हिंदू युवती का धर्म परिर्वतन कराने वाला युवक गिरफ्तार

## पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गोली लगने से हुआ घायल

## पुलिस ने बुलट और देशी तमंचा-कारतूस आदि किए बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** हिंदू युवती को भगा ले जाने और उसका धर्मपरिवर्तन कराने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गोली उसके पैर में लगी। घायल अभियुक्त को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को आरोपित के पास से युवती की हाईस्कूल की मार्कशीट, नकदी, बुलट और देशी तमंचा-कारतूस बरामद हुए हैं।

थाना गोवर्धन के गांव मुखराई का रहने वाला मुश्ताक एक हिंदू युवती को बहला-फुसला कर भगा ले गया था। युवती का धर्मपरिवर्तन कर उसके साथ निकाह कर लिया था। युवक की गिरफ्तारी और उसके परिवार के खिलाफ ग्रामीणों ने मुखराई गांव पहुंचकर धरना शुरु कर दिया था। हिंदूवादी संगठनों में भी उबाल था, संत भी धरने पर पहुंच गए थे। पुलिस पर लगातार दबाव बढ़ रहा था। एसओजी टीम के साथ मिलकर गोवर्धन पुलिस बीती रात नगला सपेरा की ओर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। इसी बीच बुलट मोटरसाइकिल पर युवती को भगा कर ले जाने वाला युवक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देख कर उसने फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली अभियुक्त के पैर में लगी और वह जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे घायलावस्था में गिरफ्तार कर अस्पताल भेज दिया। पुलिस को उसके पास से बुलट मोटरसाइकिल, 2750 रुपये की नकदी, तमंचा, कारतूस, ड्राइविंग लाइसेंस, युवती की हाईस्कूल की मार्कशीट, के अलावा फर्जी आधार कार्ड भी बरामद हुआ है।



मुठभेड़ में घायल युवक को ले जाती पुलिस।

# परिषदीय पीएमश्री स्कूल में बनेगा विज्ञान-गणित गार्डन

## पांच लाख रुपये से होगा निर्माण, 16 मॉडल देंगे व्यावहारिक ज्ञान




**यूनिक समय, मथुरा।** परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों की पढ़ाई को अधिक रोचक और व्यावहारिक बनाने के लिए अब विज्ञान और गणित गार्डन विकसित किए जाएंगे। इसके लिए शासन स्तर से पांच लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। जिले के एक परिषदीय पीएमश्री स्कूल का चयन कर वहां गार्डन का निर्माण कराया जाएगा।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने 21 सितंबर को बीएसए को पत्र भेजकर जिले में एक पीएमश्री स्कूल का चयन करने के निर्देश दिए हैं। चयनित विद्यालय में बनने वाले विज्ञान और गणित गार्डन में दोनों विषयों से जुड़े विभिन्न मॉडल लगाए जाएंगे। इन मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थी किताबी ज्ञान के साथ विषयों को प्रयोग के जरिए समझ सकेंगे।

गार्डन में विज्ञान और गणित से संबंधित कुल 16 अलग-अलग मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे। इनका उद्देश्य बच्चों में विषयों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ उनकी तार्किक और वैज्ञानिक समझ विकसित करना है। खास बात यह है कि चयनित विद्यालय का गार्डन केवल वहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों तक सीमित नहीं रहेगा। जिले के अन्य परिषदीय स्कूलों के बच्चों को भी भ्रमण के लिए यहां लाया जाएगा, ताकि वे मॉडल देखकर विज्ञान और गणित की अवधारणाओं को आसानी से समझ सकें।

# बैंक अधिकारी बनकर ठगे 4.24 लाख रुपये

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली क्षेत्र के डोरी बाजार निवासी गिर्राज प्रसाद शर्मा से बैंक अधिकारी बनकर साइबर ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को भारतीय स्टेट बैंक का अधिकारी बताया और वरिष्ठ नागरिक कार्ड बनवाने की बात कहकर उन्हें बातचीत में उलझा लिया। इसके बाद आरोपी ने उनके बैंक खाते से 4 लाख 24 हजार रुपये निकाल लिए।

पीड़ित के अनुसार, 20 सितंबर से 21 सितंबर के बीच उनके खाते से अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर की गई। इसमें 3 लाख 20 हजार रुपये आलोक कुमार के खाते में और 1 लाख 4 हजार रुपये दूसरे खाते में भेजे गए। खाते से रकम निकलने की जानकारी होने पर पीड़ित को ठगी का पता चला।

पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम में भी दर्ज कराई। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस बैंक खातों और फोन नंबर के आधार पर ठगी करने वाले व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है।

# गोविंदनगर पुलिस ने गांजे के झूंठे केस में मजदूर को भेजा जेल

**यूनिक समय, मथुरा।** गोविंदनगर पुलिस द्वारा एक मजदूर को 240 ग्राम अवैध गांजे में मारपीट करने के बाद जेल भेज दिया। सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों ने मजदूर को लेकर एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

सौरभ ठाकुर के अनुसार, 26 सितंबर को डीग गेट पुलिस चौकी के सिपाही उनके पास आए और मजदूरी करने वाले युवक सुरेश को थाने लाने के लिए कहा। वह सुरेश को थाने लेकर पहुंचा तो वहां मौजूद चौकी इंचार्ज और दोनों सिपाहियों ने उसे बेरहमी से पीटा और प्रातः उसे 240 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। आरोप था कि वह गांजा बिक्री करता है। सुरेश की जमानत हो गई। सुरेश ने बताया कि पुलिस ने उसे बुरी तरह पीटा और गोली मारने की धमकी देकर उससे जबरन गांजा रखने का आरोप कबूल कराया। एसएसपी ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

## नवंबर में बिहार जाने वाली ट्रेनों में वेटिंग बढ़ी

# दीपावली-छठ पर घर जाने की होड़, ट्रेनें फुल

## कन्फर्म टिकट की तलाश में यात्री तत्काल पर टिके

## कई ट्रेनों में वेटिंग 80 से 90 तक पहुंची

## त्योहार से पहले ही आरक्षण को लेकर बढ़ी परेशानी

**यूनिक समय, मथुरा।** दीपावली और छठ पूजा पर घर लौटने की चाहत ने ट्रेनों में आरक्षण की मारामारी अभी से बढ़ा दी है। नवंबर में बिहार जाने वाले यात्रियों को कन्फर्म सीट के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। मथुरा से बिहार की ओर जाने वाली कई ट्रेनों में सीटें लगभग भर चुकी हैं और वेटिंग 80 से 90 तक पहुंच गई है। त्योहार पर परिवार के साथ घर पहुंचने की उम्मीद लगाए यात्रियों की चिंता बढ़ गई है।

छठ बिहार के प्रमुख त्योहारों में शामिल है। नौकरी, कारोबार और पढ़ाई के सिलसिले में दूसरे शहरों में रहने वाले लोग इन त्योहारों पर बड़ी संख्या में घर लौटते हैं। यही वजह है कि त्योहार में अभी समय होने के बावजूद ट्रेनों में आरक्षण को लेकर होड़ शुरू हो गई है। यात्रियों ने पिछले महीने से ही टिकट बुक कराना शुरू कर दिया था। अब कई ट्रेनों में कन्फर्म टिकट के लिए लंबी वेटिंग चल रही है।




मथुरा से बिहार जाने वाली छपरा एक्सप्रेस, कोटा-पटना एक्सप्रेस, पटना जाने वाली प्रमुख ट्रेनों और मथुरा होकर बिहार की ओर जाने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में आरक्षण को लेकर दबाव बढ़ गया है। छपरा, पटना, हाजीपुर, पाटलिपुत्र सहित आसपास के क्षेत्रों के लिए जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सीट नहीं मिलने पर यात्री तत्काल टिकट और अन्य उपलब्ध विकल्पों की जानकारी जुटा रहे हैं।


मथुरा जंक्शन पर आरक्षण की जानकारी लेने पहुंचे चंद्र मोहन सिंह झा ने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इतनी जल्दी सीटें भर जाएंगी।

आरक्षण खिड़की पर सीट उपलब्ध नहीं होने की जानकारी मिलने पर उन्हें निराश लौटना पड़ा। उन्होंने कहा कि पहले पता होता तो टिकट काफी पहले करा लेते। वहीं आनंद सिंह भी बिहार जाने के लिए आरक्षण कराने पहुंचे। उन्होंने कहा कि त्योहार पर घर जाना जरूरी है, लेकिन कन्फर्म सीट मिलने को लेकर चिंता बनी हुई है।

## अंदर के पेजों की प्रमुख खबरें



मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन
पेज-10 पर



शरद पूर्णिमा पर सजेगा गिर्राज तलहटी में छप्पनभोग
पेज-12 पर



प्रेम और भक्ति की पवित्र भूमि है बरसाना: प्रदीप मिश्रा
पेज-07 पर

# विधान परिषद चुनाव की तैयारियां तेज, अफसरों को जिम्मेदारी

## 23 अक्टूबर को मतदान, 21 बिंदुओं पर व्यवस्थाएं तय

## कार्मिक, प्रशिक्षण सुरक्षा और वेबकास्टिंग का जिम्मा सौंपा

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी- डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की ओर से जारी आदेश में निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मतदान 23 अक्टूबर को प्रस्तावित है।

निर्वाचन प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से पूरा कराने के लिए 21 प्रमुख बिंदुओं पर अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। इनमें मतदान और मतगणना कार्मिकों की नियुक्ति, प्रशिक्षण, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाएं, वाहन-ईंधन, स्टेशनरी, मतपेटियां, मेडिकल किट, वीडियोग्राफी और वेबकास्टिंग समेत अन्य कार्य शामिल हैं।

सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता को मतदान-मतगणना कार्मिकों के साथ माइक्रो आब्जर्वर और मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की जिम्मेदारी दी गई है। एडीएम प्रशासन अमरेश कुमार को आदर्श आचार संहिता के अनुपालन और कानून व्यवस्था से संबंधित कार्य सौंपे गए हैं। नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्र वाहनों और निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे।

परियोजना निदेशक अरुण कुमार उपाध्याय को कार्मिकों और मजिस्ट्रेटों के प्रशिक्षण का दायित्व दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर साक्षी शर्मा निर्वाचन नियंत्रण कक्ष और शिकायत प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी संभालेंगी। जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे वीडियो कैमरा, वीडियोग्राफी और वेबकास्टिंग की व्यवस्था देखेंगी।

वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल पांडे को मतदान दलों की यात्रा भत्ता व्यवस्था और निर्वाचन व्यय अनुश्रवण से जुड़े कार्य सौंपे गए हैं। डिप्टी कलेक्टर अश्वनी कुमार मतदान समाप्ति के बाद सीलबंद मतपेटियों और गोपनीय अभिलेख प्राप्त करने की व्यवस्था संभालेंगे।

जिला पूर्ति अधिकारी संजीव कुमार को जलपान, जिला सूचना अधिकारी प्रशान्त कुमार को प्रेस एवं मीडिया सेल तथा जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी मोहित कुमार को सांख्यिकीय आंकड़ों के प्रेषण की जिम्मेदारी दी गई है। सभी अधिकारियों को निर्धारित कार्य समय से पूरा करने और आवश्यक सूचनाएं जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।



मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर जुलूस निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता।

# ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनता का विश्वास बनाए रखने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।



कैदी के वेश में हथकड़ी लगाए मुख्य चुनाव आयुक्त का रूप बनाकर आया कार्यकर्ता।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पं. यतेंद्र मुकद्दम के नेतृत्व में 250 से अधिक बाइक सवार कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला। मार्च महानगर कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर होलीगेट चौराहे पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की। इसके बाद कार्यकर्ता होलीगेट से कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसे एसडीएम ने स्वीकार किया। कांग्रेस नेताओं ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर अपनी मांगें रखीं। पं. यतेंद्र मुकद्दम और पूर्व विधायक प्रदीप माथुर ने कहा कि चुनावी व्यवस्था में जनता का विश्वास बनाए रखना जरूरी है। प्रदर्शन में सिम्मी बेगम, श्वेता गोस्वामी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चक्रवात का असर खत्म अब बारिश के आसार नहीं

**यूनिक समय, मथुरा।** बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात का असर खत्म होने से जिले में छाई मौसम वाली बाधा अब दूर हो गई है। चक्रवात की वजह से जहां दूसरे जिलों में झमाझम वर्षा हुई, लेकिन मथुरा में केवल फुहार ही बरसीं। सोमवार को भले ही आसमान पर सुबह से शाम तक कई बार बादल छाए, लेकिन अब आगे भी वर्षा के आसार नहीं हैं।

पिछले तीन दिनों से चक्रवात के चलते जिले का मौसम बदला हुआ था। शनिवार को तो रिमझिम वर्षा हुई, जबकि रविवार को ऐसा नजारा नहीं दिखा। बादलों की आवाजाही के बीच हल्की धूप निकली, जिसस मौसम सुहावना बना रहा। सोमवार को भी सुबह से शाम तक कई बार आसमान में बादल छाए, लेकिन वर्षा नहीं हुई। ऐसे मौसम की वजह से अधिकतम तापमान 32 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस बना रहा। मौसम विज्ञानी नरेंद्र कुमार के अनुसार, अब चक्रवात का असर खत्म हो गया है। ऐसे में आगामी दिनों में बादलों की आवाजाही तो बनी रह सकती है लेकिन बारिश के आसार नहीं हैं।

# एंटी रेबीज की खुराक अधूरी छोड़ी तो बढ़ सकता है खतरा

## विश्व रैबीज दिवस: आठ माह में जिले में लगे 3.81 लाख से अधिक टीके

## करीब दस फीसदी लोग बीच में छोड़ देते हैं टीकाकरण

**यूनिक समय, मथुरा।** कुत्ते, बंदर या बिल्ली के काटने के बाद घाव कुछ दिनों में भर सकता है, लेकिन एंटी रेबीज टीकाकरण को लेकर लापरवाही गंभीर खतरा पैदा कर सकती है। जिले में पशुओं के काटने के बाद अस्पताल पहुंचकर टीका लगवाने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन करीब दस फीसद लोग पहली या दूसरी खुराक लेने के बाद आगे का टीकाकरण नहीं कराते।



स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में एक जनवरी से 31 दिसंबर तक जिले के सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 4,51,073 एंटी रेबीज टीके लगाए गए। वहीं वर्ष 2026 में एक जनवरी से 31 अगस्त तक 3,81,451 टीके लग चुके हैं। इनमें करीब 40 प्रतिशत मामले पालतू पशुओं से जुड़े बताए जा रहे हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन करीब 250 से 275 लोग एंटी रेबीज टीका लगवाने पहुंचते हैं। इनमें लगभग 90 प्रतिशत लोग निर्धारित टीकाकरण पूरा करते हैं, जबकि करीब दस प्रतिशत बीच में ही खुराक लेना छोड़ देते हैं।

नोडल अधिकारी डॉ. रोहतास सिंह ने बताया कि एंटी रेबीज टीकाकरण का उद्देश्य संक्रमण को केंद्रीय तंत्रिका तंत्र तक पहुंचने से रोकना है। कुत्ते, बंदर या किसी संदिग्ध संक्रमित जानवर के काटने अथवा खरोंचने पर चिकित्सक की सलाह के अनुसार टीके की निर्धारित खुराक पूरी करना जरूरी है। रेबीज गंभीर वायरल बीमारी है और लक्षण सामने आने के बाद बेहद घातक हो सकती है।

जिला अस्पताल के फार्मासिस्ट शैलेंद्र सारस्वत ने बताया कि पशु के काटने या खरोंचने पर घाव को तुरंत साबुन और बहते पानी से कम से कम 15 मिनट धोना चाहिए। इसके बाद बिना देरी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। घाव पर घरेलू नुस्खे लगाने से बचना चाहिए। लोगों को निर्धारित एंटी रेबीज टीकाकरण का पूरा कोर्स कराना चाहिए। इसी उद्देश्य से हर वर्ष 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस मनाकर लोगों को बचाव और समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया जाता है।




# भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को शहीद का दर्जा देने की मांग



पीएम के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते लोकतांत्रिक युवा जनसंघ पार्टी के पदाधिकारी।

## लोकतांत्रिक युवा जनसंघ पार्टी ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**यूनिक समय, मथुरा।** शहीद भगत सिंह की जयंती पर सोमवार को लोकतांत्रिक युवा जनसंघ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को शहीद का आधिकारिक दर्जा देने की मांग उठाई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने दोपहर डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर साक्षी शर्मा को ज्ञापन सौंपा। पार्टी के संस्थापक गौरव कश्यप ने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को देश आज भी सम्मान और श्रद्धा के साथ याद करता है। उन्होंने केंद्र सरकार से तीनों क्रांतिकारियों के बलिदान को औपचारिक राष्ट्रीय मान्यता देने के संबंध में स्पष्ट निर्णय लेने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले इन क्रांतिकारियों को उचित सम्मान मिलना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में सूरज कुंतल, प्रियांशु सिंह, गुरेंद्र सिंह, निखिल वार्ष्णेय, मयंक तिवारी, दीपक ठाकुर, विनय बंसल और राम कृष्ण चतुर्वेदी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विश्व रेबीज दिवस पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम हुआ




विश्व रेबीज दिवस पर जागरूकता के दौरान मौजूद सीएमएस डॉ.नीरज अग्रवाल, डॉ.सिद्धार्थ धनगर और स्टाफ।

**यूनिक समय, मथुरा।** विश्व रेबीज दिवस पर महर्षि दयानंद सरस्वती जिला चिकित्सालय में सोमवार को रेबीज से बचाव और रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अस्पताल आने वाले मरीजों के साथ चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को रेबीज के खतरे और इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज अग्रवाल ने कहा कि रेबीज एक गंभीर और घातक बीमारी है, लेकिन समय रहते सावधानी और उचित उपचार से इससे बचाव पूरी तरह संभव है। उन्होंने कहा कि पशु के काटने के बाद घाव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। तत्काल घाव को साबुन और बहते पानी से अच्छी तरह धोकर बिना देरी किए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना चाहिए। इस मौके पर डॉ. सिद्धार्थ धनगर, डॉ. एसपी शर्मा, नोडल अधिकारी एआरवी डॉ. अमन कुमार सहित चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में हाईवे पर किन्नर की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली छाता क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर दौताना के समीप एक किन्नर को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसकी मौत हो गई।

सोनिया किन्नर माया गुरू के डेरे पर सैनी मौहल्ला में रह रही थी। छाता में भी वह किन्नरों के पास आया जाया करती थी। वह इलाके में नेग मांगने के लिए दौताना जा रही थी। दौताना के समीप सड़क पर उसे किसी वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सार संक्षेप

### कंबाइन पर बैठा युवक आया मशीन में, मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन के गांव आन्यौर में कंबाइन पर बैठा युवक मशीन में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मोहवा पंजाब निवासी गुरुदीप सिंह पंजाब से कंबाइन मशीन लेकर गोवर्धन क्षेत्र में किसानों की धान फसल की कटाई आदि के लिए आया था। बताया गया कि आन्यौर में कबाइन से एक किसान के खेत में धान की कटाई की जा रही थी। गुरुदीप सिंह का साथी मशीन चला रहा था, वह बैठा हुआ था। गुरुदीप सिंह अचानक किसी तरह मशीन में आ गया जिससे उसकी कट कर मौत हो गई। पुलिस को भी इस बारे में सूचना दी गई। मौके पर पहुंची गोवर्धन पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कृषि भूमि का धोखाधड़ी से इकरार नामा कर 17 लाख हड़पे, तीन लोग गिरफ्तार

**यूनिक समय, रिफाइनरी।** स्थानीय पुलिस ने कृषि भूमि के नाम पर 17 लाख रुपये धोखाधड़ी करने के मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, राधामाधव नगर निवासी अनिल कुमार शर्मा ने थाना रिफाइनरी में इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मिर्जापुर थाना हाईवे निवासी सुगड़ सिंह, पींगरी निवासी निरंजन सिंह, राल निवासी कैलाश को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया था। जांच में रुपेंद्र सिंह की जगह पर सुगढ़ सिंह और देवी सिंह की जगाह निरंजन सिंह को खड़ा कर उनके फर्जी आधार कार्ड में फोटो बदल कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का इकरारनामा करके 17 लाख रुपये ले लिए। इस मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त दिनेश पाराशर, अरुण कुमार, जगराम को पलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### धोखाधड़ी करने वाला वांछित गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन पुलिस ने संपत्ति को धोखाधड़ी कर फर्जी कागजात के आधार पर छल कर लाभ अर्जित करने के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, एक संपत्ति को धोखाधड़ी कर फर्जी कागजात के आधार पर छल कर लाभ अर्जित करने के मामले में वृंदावन कोतवाली में यदुनंदन दास चेला बाबा डूंगरसी दास निवासी ज्ञानगुदड़ी वृंदावन, आशीष निवासी ग्राम सुनरख, डौली सिंह पत्नी नपिंदर सिंह निवासी गौरानगर वृंदावन, अमर सिंह निवासी राधा निवास वृंदावन, सीमा पत्नी रिंकू निवासी ज्ञान गुदड़ी वृंदावन, ममता झालू पत्नी देव नाथ झालू निवासी गोपीनाथ बाग वृंदावन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

इस मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त आशीष को पुलिस ने अटल्ला चुंगी से रंगजी की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है।

पढ़िए वो जो पढ़ना चाहिए
यूनिक समय
www.uniquesamay.com

# विजिलेंस ने आरओ प्लांट समेत 15 जगह बिजली चोरी पकड़ी



बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत प्रवर्तन के प्रभारी निरीक्षक सत्यवीर सिंह, जेई बॉडी कैमरों लगाकर अभियान चलाते हुए।

**यूनिक समय, मथुरा।** बिजली चोरी पर अंकुश लगाने और बकाया वसूली के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत विद्युत प्रवर्तन दल ने लक्ष्मीनगर क्षेत्र में कार्रवाई की। टीम ने आरओ प्लांट समेत 15 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। मौके से अतिरिक्त केबल जब्त कर सभी मामलों में विद्युत थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। विद्युत प्रवर्तन दल के प्रभारी निरीक्षक सत्यवीर सिंह के निर्देशन में जेई सुशील कुमार और उप निरीक्षक धीरेन्द्र पाल सिंह ने टीम के साथ यमुना पार लक्ष्मीनगर सब डिवीजन क्षेत्र में तैय्यापुर, भैंसारा, किनाई और पानीगांव क्षेत्र में घरों और प्रतिष्ठानों के कनेक्शनों की जांच की। साथ ही एक आरओ प्लांट में बिजली चोरी पकड़ी गई, जबकि 14 घरेलू कनेक्शनों में भी बिजली चोरी सामने आई। टीम ने मौके पर इस्तेमाल की जा रही अतिरिक्त केबलों को जब्त कर लिया। अधिकारियों के अनुसार, 15 मामलों में संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

# मामा की गोली मारकर हत्या करने वाले भांजे को उम्रकैद



## 35 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**यूनिक समय, मथुरा।** अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक सुशील कुमार ने मामा की गोली मारकर हत्या करने वाले भांजे को आजीवन कारावास और 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

एडीजीसी नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि थाना हाईवे की पालीखेड़ा की रहने वाली गुड़िया ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शेखावटी गली स्वामीघाट निवासी उसका भांजा सतीश बदमाश किस्म का व्यक्ति है। उस पर हत्या लूट के मुकदमे हैं। उसके मामा (मेरे पति) रामकुमार ने उसकी एक केस में जमानत ली थी। जमानत प्लाट के कागजात पर ली गई थी। मुझे पैसे की जरुरत थी। प्लाट पर जमानत ली गई थी, इसके चलते प्लाट को बिक्री करने में दिक्कत आ रही थी। पति द्वारा जमानत कटवाने के लिए सतीश से कई बार कहा गया,लेकिन उसने जमानत नहीं कटवाई। पांच मार्च 2020 को सतीश ने रामकुमार को प्रातः बातचीत करने के लिए घर पर बुलाया। रामकुमार मोटरसाइकिल से उसके घर स्वामीघाट पहुंचा। सतीश से जमानत वापस लेने की बात कही तो उसने कहा कि मामा मुझे तो जेल जाना ही है, पर मैं तुझे मारकर ही जेल जाऊंगा। यह कहकर उसने तमंचे से मामा के सिर पर गोली मार दी। गोली लगने से उनकी वहीं पर मौत हो गई। शव उसके घर पर ही पड़ा था। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया और अभियुक्त के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक सुशील कुमार के कोर्ट में हुई। न्यायाधीश ने गवाहों की गवाही और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास और 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

यूनिक समय
स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।
**कार्यालयः**- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।
संपादक-पवन गौतम
फोन नंबर-0565-3550761
मो. 9837155888
E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

## बस की टक्कर से घायल हुए दूसरे युवक ने दम तोड़ा

**यूनिक समय, मथुरा।** दो दिन पूर्व थाना सदर बाजार क्षेत्र में बाइक को रोडवेज बस द्वारा मारी गई टक्कर में घायल हुए दूसरे युवक की भी अस्पताल में इलाज के दौरान देर सायं मौत हो गई।

पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरतलब है कि शनिवार की सायं होली गेट से सामान खरीद कर बाइक से लौट रहे धोबी पाड़ा सदर बाजार निवासी पप्पन और सदर बाजार निवासी इस्लाम को जीवन रक्षा हॉस्पिटल के समीप बस स्टेंड से अलीगढ़ की ओर जाने वाली रोडवेज बस ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में पप्पन की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस्लाम को सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां देर सांय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिवार को सौंप दिया।

## ट्रक से अवैध गांजा बरामद दो गिरफ्तार

**यूनिक समय.,मथुरा।** रिफाइनरी पुलिस ने एक ट्रक में गांजा ले जाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर ट्रक से 2 किलो 45 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। रिफाइनरी पुलिस ने चेकिंग के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर किआ मोटर्स के समीप से एक ट्रक को रोक कर चेकिंग में दो किलो 45 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में वीरेश निवासी इब्राहीमपुर थाना महावन, गजेंद्र निवासी सुलतानपुर थाना सहपऊ जिला हाथरस को गिरफ्तार किया है।




# चुनाव आयोग पर कांग्रेस के सवालों का भाजपा ने दिया जवाब

## भाजपा नेताओं ने कहा-आरोपों के बजाय आधिकारिक तथ्यों के आधार पर हो चर्चा



मुख्य चुनाव आयोग को लेकर पर वार्ता करते जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, साथ हैं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा।

**यूनिक समय, मथुरा।** चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस की ओर से उठाए जा रहे सवालों के बीच भाजपा महानगर ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर अपना पक्ष रखा। गोवर्धन चौराहा स्थित जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी के कैंप कार्यालय पर हुई पत्रकार वार्ता में भाजपा नेताओं ने कहा कि चुनाव आयोग से जुड़े विषयों पर राजनीतिक आरोपों के बजाय आधिकारिक तथ्यों के आधार पर चर्चा होनी चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से जारी स्पष्टीकरण के बाद विभिन्न मुद्दों को लेकर उठाए जा रहे सवालों की स्थिति स्पष्ट हुई है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुचिता, पात्र मतदाताओं के नाम सुनिश्चित करना और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि चुनाव आयोग लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण संवैधानिक स्तंभ है। राजनीतिक दलों को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जनता का विश्वास बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों और नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## भैंसा स्टेशन और मथुरा जंक्शन पर निबंध प्रतियोगिता

**यूनिक समय, मथुरा।** मंडल में एक अक्टूबर तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कर्मचारियों के लिए निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भैंसा स्टेशन पर 'भारतीय रेल का आधुनिकीकरण- सरकारी निवेश बनाम निजीकरण' विषय पर निबंध प्रतियोगिता हुई। संचालन आगरा के सहायक मंडल इंजीनियर (मुख्यालय) बी.एल. मीना ने किया। वहीं, मथुरा जंक्शन पर 'भारतीय रेल की प्रगति में नारी शक्ति का योगदान' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। संचालन स्टेशन निदेशक सुनील कुमार ने किया।



# डाकघर के पासपोर्ट कार्यालय में बढ़ी आवेदकों की संख्या



वृंदावन के डाकघर में पासपोर्ट बनवाने को खड़े आवेदक।

## हर माह 1200 से अधिक आवेदन, रोज 60-70 लोग पहुंच रहे

## परिजनों से मिलने के साथ पर्यटन, शिक्षा और रोजगार भी वजह

**यूनिक समय, वृंदावन।** विदेश यात्रा की बढ़ती जरूरत और पासपोर्ट को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ने के साथ डाकघर स्थित पासपोर्ट कार्यालय में आवेदकों की संख्या लगातार बनी हुई है। कार्यालय में प्रतिदिन करीब 60 से 70 लोग पासपोर्ट बनवाने के लिए पहुंच रहे हैं। महीनेभर में आवेदनों की संख्या 1200 से अधिक हो जाती है। पासपोर्ट के लिए आवेदन करने वालों में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जो विदेश में रह रहे अपने परिजनों से मिलने की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा विदेश घूमने और पर्यटन के लिए जाने वाले लोग भी पासपोर्ट बनवा रहे हैं। शिक्षा और रोजगार के सिलसिले में विदेश जाने वाले युवाओं के साथ व्यक्तिगत कार्यों से यात्रा करने वालों की संख्या भी इसमें शामिल है।

आवेदकों के अनुसार, पासपोर्ट बनवाने के लिए आवेदन करने के बाद दस्तावेजों की जांच और अन्य जरूरी औपचारिकताएं पूरी करनी होती हैं।

सभी दस्तावेज सही होने के बावजूद सामान्य प्रक्रिया में पासपोर्ट मिलने में करीब एक से डेढ़ महीने तक का समय लग सकता है। इसी कारण लोग यात्रा की योजना बनाने से पहले पासपोर्ट के लिए आवेदन कर रहे हैं

### दस्तावेज पूरे रखने की सलाह

पासपोर्ट आवेदन में किसी तरह की परेशानी से बचने के लिए आवेदकों को अपनी व्यक्तिगत जानकारी और दस्तावेजों का विवरण सही तरीके से भरने की सलाह दी जा रही है। आवेदन से पहले सभी जरूरी कागजात तैयार रखने से प्रक्रिया को पूरा करने में आसानी रहती है। कार्यालय में रोज बड़ी संख्या में आवेदकों के पहुंचने से पासपोर्ट बनवाने को लेकर लोगों की बढ़ती जरूरत साफ दिखाई दे रही है। विदेश में रह रहे परिजनों से मिलने, पर्यटन, शिक्षा और रोजगार के लिए यात्रा करने वालों की संख्या बढ़ने के साथ पासपोर्ट आवेदन भी लगातार बढ़ रहे हैं।

# कुशल संगठनकर्ता और सामाजिक समरसता के पुरोधा थे अशोक सिंघल



अशोक सिंघल के शताब्दी दिवस कार्यक्रम में मौजूद अतिथि और छात्र।

**यूनिक समय, वृंदावन।** श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के महानायक और विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता अशोक सिंघल की जयंती शताब्दी दिवस पर केशव धाम द्वारा संचालित केशव वेद विद्यालय में वेद पूजन महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा केशव धाम परिसर गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और अशोक सिंघल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद वेद ग्रंथों का वैदिक विधि-विधान से पूजन किया गया। केशव वेद विद्यालय के वेदपाठी छात्रों ने स्वस्तिवाचन प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि महर्षि पाणिनि संस्कृत-वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलपति प्रो. शिवशंकर मिश्र ने अशोक सिंघल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें कुशल संगठनकर्ता और सामाजिक समरसता का पुरोधा बताया।

विशिष्ट अतिथि लोकेश गर्ग ने कहा कि अशोक सिंघल ने धर्मजागरण, सेवा, संस्कृत, गौरक्षा और स्वदेशी जैसे विभिन्न आयामों को विश्व हिंदू परिषद से जोड़ा। केशव वेद विद्यालय के प्रधानाचार्य रवीन्द्र शर्मा ने वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि केशव धाम के मंत्री सतीश चंद्र अग्रवाल ने विभिन्न प्रकल्पों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संस्कृत नाटक भी प्रस्तुत किया गया और विद्यालय के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। संयोजक आचार्य रामविलास चतुर्वेदी ने आभार व्यक्त किया। समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

# गांधी जयंती पर पांच किमी दौड़ प्रतियोगिता दो को

**यूनिक समय, मथुरा।** गांधी जयंती पर खेल विभाग और जिला प्रशासन की ओर से दो अक्टूबर को पांच किलोमीटर ओपन पुरुष-महिला दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह नौ बजे राइफल क्लब के मुख्य द्वार के पास से शुरू होगी।

दौड़ राइफल क्लब (डीएम आवास) के पास से शुरू होकर पेट्रोल पंप चौराहा, पंचायत भवन, जिला कारागार, ब्लॉक कार्यालय, डेयरी फार्म और ऑफिसर्स कॉलोनी होते हुए वापस राइफल क्लब पर समाप्त होगी। उप क्रीड़ा अधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। प्रतिभागियों को दौड़ शुरू होने से पहले राइफल क्लब से अपना चेस्ट नंबर प्राप्त करना होगा। पुरुष-महिला वर्ग की इस ओपन दौड़ में प्रथम छह स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।






# नाविकों पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, दिया ज्ञापन



नाविकों के हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ज्ञापन देने जाते निषाद पार्टी के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन के चीर घाट पर नाविकों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर निषाद पार्टी ने सोमवार को डीएम के नाम एसडीएम साक्षी शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

पार्टी पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने अभी तक नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है। इससे पीड़ित नाविकों और उनके परिवारों में भय का माहौल बना हुआ है।

निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार निषाद के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 15 सितंबर को वृंदावन स्थित चीर घाट पर राजेंद्र निषाद समेत अन्य नाविकों पर हमला किया गया था। घटना को लेकर राजेंद्र निषाद की तहरीर पर थाना वृंदावन में प्रियांशु जादौन और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित पक्ष को धमकियां दिए जाने की बात सामने आ रही है। उन्होंने मुख्य नामजद आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज होने का दावा किया।

निषाद पार्टी ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने और प्रभावी कानूनी कार्रवाई की मांग की। पार्टी ने कहा कि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जिला मुख्यालयों पर लोकतांत्रिक आंदोलन किया जाएगा।

# ब्रज कला केंद्र ने प्रशिक्षु कलाकारों को किया सम्मानित



कलाकारों को सम्मानित करते अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजीव पांडेय आदि।

**यूनिक समय, वृंदावन।** गीता शोध संस्थान-रासलीला अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में ब्रज कला केंद्र की ओर से रासलीला के प्रशिक्षु कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षु बच्चों ने दिल्ली के साईं ऑडिटोरियम में 'मुदरिया चोरी' लीला का मंचन किया था।

कार्यक्रम संयोजक-ब्रज कला केंद्र के सांस्कृतिक मंत्री डॉ. अनूप शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजीव पांडेय, ब्रज कला केंद्र के उपाध्यक्ष गजेंद्र शर्मा, समाजसेवी दीपक गोयल, राजेंद्र अग्रवाल भगत, राजरानी अग्रवाल, जीएलए विश्वविद्यालय की फैकल्टी से सुनीता, उद्योगपति वीरेंद्र गोयल ने कलाकारों को उपहार और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। 'भ्रमरगीत' लीला के प्रशिक्षु कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। 'मुदरिया चोरी' का निर्देशन प्रसिद्ध रंगकर्मी, एनएसडी और गीता शोध संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना ने किया। संचालन चंद्र प्रताप सिंह ने किया। वृंदावन बाल विकास मंच के सह सचिव संजय शर्मा, रितु सिंह, अभिराज शर्मा और दीपक शर्मा ने व्यवस्थाएं संभालीं। प्रशिक्षु बच्चों के साथ संगीत प्रशिक्षक आकाश शर्मा, मनमोहन कौशिक, सुनील पाठक, ऋतु सिंह, मानसी राजपूत और केशव को भी पुरस्कार दिए गए। अतिथियों ने श्रीकृष्ण राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर की पेंटिंग्स देखीं। बच्चों ने 'भ्रमरगीत' और 'मुदरिया चोरी' के गीत प्रस्तुत किए। गीता विद्वान महेश शर्मा के साथ गुरुकुल के बच्चों ने शंख वादन किया।

# साधक की मौत पर संत समाज ने जताया आक्रोश



संत समाज की बैठक में विचार व्यक्त करते महंत मोहिनी बिहारी शरण।

**यूनिक समय, वृंदावन।** परिक्रमा मार्ग स्थित ललित कुंज आश्रम में साधु-संतों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। हरिदासीय संप्रदाय के आचार्य महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू की अध्यक्षता में हुई बैठक में संत प्रेमानंद के एक दीक्षित साधक की बीते शुक्रवार हुई मौत को लेकर चर्चा की गई। संतों ने घटना की निष्पक्ष-उच्चस्तरीय जांच की मांग शासन-प्रशासन से की।

महंत मोहिनी बिहारी शरण ने कहा कि आश्रम में बड़ी संख्या में दीक्षित साधक-साधिकाएं निवास करते हैं। उन्होंने साधक की मौत की परिस्थितियों और आत्महत्या के बताए जा रहे कारणों की गहन जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी मिले, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। महंत गंगा दास ने मथुरा के जवाहर बाग प्रकरण का उल्लेख करते हुए आश्रम से जुड़े कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने खादर क्षेत्र में कथित गतिविधियों की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो संतों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेगा।

### उच्चस्तरीय जांच की मांग

महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू ने वृंदावन में निवास कर रहे साधु-संतों की पहचान और पृष्ठभूमि की जांच कराने की मांग की। बैठक में श्रीदास प्रजापति, राजेश शास्त्री, हरियानंद सरस्वती, मूलचंद गिरी, सेवादास, सतीश गिरी, चंदन, हरीगिरी, अंकित शास्त्री, पुरुषोत्तम, अभिलाख, अक्षत, सूरज और कृष्ण दास सहित बड़ी संख्या में साधु-संत मौजूद रहे। संतों ने मामले में पारदर्शिता बरतते हुए सभी पहलुओं की जांच और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की मांग की।

# छह स्कूलों में विद्यार्थियों को पोक्सो अधिनियम पर किया जागरूक


जागरूकता कार्यक्रम में पोक्सो एक्ट की जानकारी देते वक्ता।


एलीट स्कूल में छात्राओं को पोक्सो अधिनियम की जानकारी देते न्यायिक अधिकारी।

## रोमेक्स स्कूल में पोक्सो अधिनियम पर जागरूकता कार्यशाला

## सिविल जज रोहित सोनी ने विद्यार्थियों के सवालों के दिए जवाब

## न्यायिक अधिकारियों ने बाल अधिकार और सुरक्षा समझाई


पैनल अधिवक्ता का स्वागत करतीं प्रधानाचार्य डॉ. प्रिया चौधरी।

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जनपद के विद्यालयों में चलाए जा रहे पोक्सो अधिनियम–2012 को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत रोमेक्श इंटरनेशनल स्कूल, किशोरी रमण कन्या इंटर कॉलेज, आर्मी पब्लिक स्कूल, रामकली देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर वृंदावन, एलीट न्यू जनरेशन इंटरनेशनल स्कूल और राजीव इंटरनेशनल स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर लगाए गए।

जनपद न्यायाधीश विकास कुमार के निर्देश पर अपर जिला जज सन्तोष कुमार त्रिपाठी, बृजेश कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे सूर्यभान कुमार वर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनीता सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री वरूण कौशिक और सिविल जज (जू.डि.) रोहित सोनी ने अलग-अलग विद्यालयों में छात्र–छात्राओं को पोक्सो अधिनियम की जानकारी दी। बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार, महिला-बाल सुरक्षा, साइबर अपराध और घेरलू हिंसा के प्रति भी जागरूक किया गया। शिविरों में पोक्सो अधिनियम पर तैयार डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। किशोरी रमण कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में लीगल एड एंड डिफेंस काउन्सिल, पैनल अधिवक्ता, पराविधिक स्वयंसेवक, मध्यस्थ अधिवक्ता और विधि छात्र–छात्राओं की टीम मौजूद रही। एलीट न्यू जेनरेशन इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए पोक्सो एक्ट-2012 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता रोहित सोनी, सिविल जज, क्राइम अगेंस्ट वूमेन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पोक्सो एक्ट-2012 के महत्वपूर्ण प्रावधानों की सरल भाषा में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की सुरक्षा के लिए कानून में विशेष प्रावधान हैं। विद्यार्थियों को किसी भी अनुचित व्यवहार की स्थिति में माता–पिता, शिक्षक या विश्वसनीय वयस्क को जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। राहुल अग्रवाल, एलएडीसी ने विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में बताया। वृंदावन लॉ कॉलेज की द्वितीय वर्ष की विधि छात्रा काजल ने भी बाल सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विद्यार्थियों से संवाद किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सवाल पूछे, जिनका वक्ताओं ने समाधान किया। प्रधानाचार्य अंकित खंडेलवाल, प्रशासक मुकेश चौधरी औरओएसडी डॉ. सौरभ तिवारी ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा विद्यालय, परिवार और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. प्रिया चौधरी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा, उनके कानूनी अधिकारों और अनुचित व्यवहार से बचाव के प्रति जागरूक करना था। डॉ. अंजू सिंह और ताराचंद ने पोक्सो अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए अच्छे और अनुचित स्पर्श में अंतर समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों से असहज स्थिति में अभिभावक, शिक्षक या किसी विश्वसनीय वयस्क से तुरंत सहायता लेने को कहा।

प्रधानाचार्य डॉ. प्रिया चौधरी ने अतिथियों को पटका पहनाकर स्मृति–चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने विषय से जुड़े सवाल पूछे, जिनका वक्ताओं ने समाधान किया। संचालन विद्यालय प्रशासक नितिन धनवानी ने किया। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यशाला को सुरक्षित-जागरूक वातावरण के लिए महत्वपूर्ण बताया।






# प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को वितरित किए स्कूल बैग


बच्चों को बैग वितरित करते पंकज प्रकाश आदि।

## विधायक प्रतिनिधि पंकज प्रकाश ने शिक्षा पर दिया जोर

**यूनिक समय, बल्देव।** प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। विधायक प्रतिनिधि पंकज प्रकाश ने छात्र–छात्राओं को बैग वितरित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ पंकज प्रकाश और प्रधानाध्यापक डॉ. जगदीश पाठक ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित-माल्यार्पण कर किया।

पंकज प्रकाश ने कहा कि शिक्षा सशक्त और स्वावलंबी समाज की आधारशिला है। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी, इनवर्टर, स्मार्ट कक्षाओं, फर्नीचर और हरित वातावरण की सराहना की। उन्होंने प्रधानाध्यापक डॉ. जगदीश पाठक और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय में विधायक निधि से सोलर लाइट लगवाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर भाजपा नेता अजीत छौंकर, अनिल रावत, धर्मेंद्र उपाध्याय, शिक्षिका गीता सक्सेना, अचल कुमार, प्रेमचंद शर्मा और पूजा रानी मौजूद रहे। शिक्षकों-ग्रामीणों ने पंकज प्रकाश का आभार जताया।

# बच्चों की बांटी गई कॉपी किताब और पेंसिल


बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करते पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान महिला सभा की उपाध्यक्ष डॉ. उमा शर्मा ने सोमवार को बेटी दिवस पर धौली प्याऊ स्टेट रेलवे ग्राउंड स्कूल में बच्चों के लिए कॉपी, पेंसिल, रबर, बिस्कुट, ट्रॉफी आदि का वितरण किया।

कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्य मंजू शर्मा का सहयोग राह। इस अवसर पर सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान के सचिव नारायण प्रसाद शर्मा, हरिश्चंद्र शर्मा, राकेश गौड़ उपस्थित रहे।

# चित्रों में सजा विद्यार्थियों का 'मेरे सपनों का भारत'


छात्रों के बनाए गए चित्रों को देखतीं सीडीओ डा. पूजा गुप्ता आदि।

## जनपद स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

**यूनिक समय, मथुरा।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों और कल्पनाओं के जरिए अपने सपनों के भारत की तस्वीर उकेरी। मेरे सपनों का भारत थीम पर हुई प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकास खंडों से ब्लॉक स्तर पर चयनित छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। किसी चित्र में स्वच्छ और सुंदर भारत की झलक दिखाई दी तो किसी में शिक्षा, विकास और देश की तरक्की का सपना नजर आया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक सोच को चित्रों के माध्यम से बखूबी प्रस्तुत किया। परिषदीय विद्यालय वर्ग में पांच विद्यार्थियों तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय वर्ग में तीन छात्राओं को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता और जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे ने विद्यार्थियों की चित्रकृतियों अवलोकन करते हुए प्रतिभागियों श्रेष्ठ चित्रों का चयन किया।

कार्यक्रम में विधायक पूरन प्रकाश, राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, बीएसए रतन कीर्ति, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी, एआरपी, संबंधित विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक मौजूद रहे।

# राजीव एकेडमी में फ्रेशर्स पार्टी 'आरम्भ' की धूम


अपने साथियों के साथ 'आरम्भ' में चुने गए बीसीए के मिस–मिस्टर फ्रेशर्स।

## वैष्णवी शर्मा मिस फ्रेशर, नमन चौधरी बने मिस्टर फ्रेशर

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आरएटीएम) में बीसीए के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर्स पार्टी 'आरम्भ' आयोजित की गई। बीसीए बैच 2025–26 के विद्यार्थियों ने बैच 2026–29 के नवागत विद्यार्थियों का तालियों की गड़गड़ाहट के बीच स्वागत किया। रंगारंग कार्यक्रम में गीत, संगीत, नृत्य, नाटक और हास्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनोरंजन किया।

रंग–बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने कनिष्ठ साथियों के स्वागत में विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता देखने को मिली।

परिसर तालियों और उत्साह से गूंजता रहा।

फ्रेशर्स पार्टी का मुख्य आकर्षण मिस्टर और मिस फ्रेशर का चयन रहा। विभिन्न गतिविधियों और मंचीय प्रस्तुतियों के बाद वैष्णवी शर्मा को मिस फ्रेशर और नमन चौधरी को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। दोनों के चयन पर विद्यार्थियों ने तालियां बजाकर उनका उत्साह बढ़ाया।

आरके एजुकेशन हब के चेयरमैन डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने मेहनत, समर्पण और अनुशासन के साथ माता-पिता की अपेक्षाओं को पूरा करने की बात कही।

आरएटीएम के निदेशक डॉ. अमर कुमार सक्सेना ने कहा कि व्यावसायिक जीवन में सफलता के लिए अनुशासन बेहद जरूरी है। आत्म–अनुशासन, निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच से विद्यार्थी अपने लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

# पालिका का स्वच्छता पर पाखंड गंदगी फैलाते हैं कर्मचारी

**यूनिक समय, कोसीकलां।** एक तरफ प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत मिशन के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है, वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका इस अभियान को पलीता लगाने में जुटी है। नगर पालिका की लापरवाही और हठधर्मिता की वजह से वार्ड नंबर 12 का गांगवान मोहल्ला गंदगी से त्रस्त है।

मौहल्ले के बुजुर्ग, महिलाएं और युवाओं ने आक्रोश जताते हुए बताया कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारी घरों से कचरा उठाते हैं और उसे नगर से बाहर डंपिंग ग्राउंड में ले जाने के बजाय यहीं सड़क पर पटक कर चले जाते हैं। यह सिलसिला महीनों से चल रहा है। जब कूड़े का ढेर जमा हो जाता है, बदबू से पूरा मोहल्ला सांस भी नहीं ले पाता, तब शिकायतों के बाद कभी-कभार पालिका की जेसीबी आती है और ऊपरी कचरा उठाकर ले जाती है, लेकिन अगले ही दिन से कर्मचारी फिर वहीं कचरा डालना शुरू कर देते हैं।



गंदे कचरे के ढेर में भोजन तलाशते बेसहारा गोवंश।

इस कचरे में सबसे ज्यादा पॉलिथीन और जहरीला कचरा है। बेसहारा गौवंश भूख से तड़प कर इसी कचरे में मुंह मारने को मजबूर है।

पशु चिकित्सकों के अनुसार, पॉलिथीन खाने से गायों की आंतों में जहर बन जाता है और तड़प-तड़प कर उनकी मौत हो जाती है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस गौहत्या की जिम्मेदार नगर पालिका नहीं तो कौन है। गंदगी के कारण इस रास्ते से लोगों ने आना-जाना बंद कर दिया है। स्कूली बच्चों को स्कूल जाने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। महिलाओं का निकलना मुश्किल है। पूरे मोहल्ले में

### कोसीकलां के गांगवान मोहल्ले को बना दिया कचरा घर, पॉलीथिन खाने को मजबूर बेसहारा गौवंश

बदबू और मच्छरों का साम्राज्य है। डेंगू, मलेरिया और संक्रामक बीमारियों का खतरा हर घर पर मंडरा रहा है।

मोहल्ले के मोहनलाल ठेकेदार, छतरपाल, पदम तांगर, कल्लू, बच्चू सिंह, राहुल चौधरी, नीरज माहौर, कम्मू दीघोटिया, राजेश मास्टर, राजाराम सविता, माया देवी, सुनीता आदि का कहना है कि वह कई बार नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के चक्कर काट चुके हैं। लिखित में शिकायत दे चुके हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं। अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वह डीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# तरौली-अहुरी मार्ग पर दिनदहाड़े अवैध खनन

**यूनिक समय, चौमुहां।** स्थानीय पुलिस और प्रशासन की नाक के नीचे छाता थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली केडी चौकी के तरौली और अहुरी गांवों में अवैध मिट्टी खनन का काला कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। खनन माफियाओं को न तो पुलिस का कोई खौफ है और न ही प्रशासन का कोई डर। दिन के उजाले में खुलेआम चल रहे इस अवैध खेल से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।



अवैध मिट्टी खनने करके ले जाते ट्रैक्टर-ट्रालियां।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सेही-अहुरी वाले रास्ते से मिट्टी से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बेहद तेज रफ्तार से गुजरती हैं। इन ट्रैक्टर चालकों की लापरवाही इस कदर बढ़ गई है कि सड़क पर चलने वाले पैदल यात्री और बाइक सवार आए दिन बाल-बाल बच रहे हैं। खनन माफियाओं द्वारा खोदी गई यह मिट्टी तरौली क्षेत्र में धड़ल्ले से डाली जा रही है। तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग के कारण इस मार्ग पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि केडी चौकी पुलिस और संबंधित विभाग सब कुछ जानकर भी अनजान बने हुए हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि आखिर ये खनन माफिया प्रशासन की नजरों से कैसे बच रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और एसएसपी से मांग की है कि इस अवैध खनन पर तुरंत रोक लगाई जाए।

# ब्रज पहुंचा वड़नगर से चला आशीर्वाद का कारवां



### योगी-मोदी जिंदाबाद जय श्री राम के नारों से गूंज उठा कोसीकलां

**यूनिक समय, कोसीकलां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मस्थान गुजरात के वड़नगर से शुरू हुई भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा सोमवार को ब्रज की धरती पर पहुंची। राजस्थान-यूपी बॉर्डर पर नंदगांव में प्रवेश करते ही यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत किया गया।

नंदगांव में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, डा. अमर सिंह पौनिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जेसीबी पर चढ़कर फूलों की वर्षा की। इस दौरान पूरा नगर योगी-मोदी जिंदाबाद और जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों और मोदी-मोदी के जयघोष के बीच गुजरात से आए भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। यात्रा संयोजक जय किशन ज्ञानी ने बताया कि यह यात्रा 17 सितंबर को पीएम के जन्मदिन पर वड़नगर के हाटकेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुई थी। वड़नगर से काशी तक 10 राज्यों के 193 जिलों से होते हुए करीब 1000 युवा बाइकर्स जल कलश लेकर चल रहे हैं।

स्वागत समारोह में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि वड़नगर की माटी से निकली यह यात्रा 140 करोड़ लोगों के विश्वास की यात्रा है। यात्रा दोपहर करीब 2 बजे कोसीकलां नगर पालिका पहुंची। वहां मंडल अध्यक्ष सौरभ जैन और पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। पालिका परिसर में जनचौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी गईं और स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वागत करने वालों में कमल किशोर वार्ष्णेय, सत्यवीर सांगवान, विनय उपाध्याय, विक्की सिसोदिया, पार्थ चौहान, ललित तोमर, जयदीप जोसी, सन्नी कुशवाह, इंद्रपाल धनगर, दीपक बडगूजर, नरसिंह पौनिया, हुकमचंद अग्रवाल, ओमप्रकाश सनी, महावीर पटेल, टिंकुर सभासद सहित सैंकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।

# कोसी के 19 नन्हे सितारों ने स्केटिंग में जीता मथुरा का दिल



छठी जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार खेल का प्रदर्शन करने वाले बच्चे।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** उम्र छोटी है, लेकिन हौसले आसमां से भी ऊंचे। कोसीकलां के इन 19 नन्हे स्केटर्स ने साबित कर दिया कि अगर जुनून सच्चा हो तो मंजिलें खुद कदम चूमती हैं। छठी जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में इन्होंने आठ गोल्ड, छह सिल्वर और पांच ब्रॉन्ज मेडल जीतकर न सिर्फ मेडल जीते हैं, बल्कि पूरे नगर का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

ये वो बच्चे हैं जो सुबह स्कूल जाते हैं और शाम को पसीने से तर होकर प्रैक्टिस करते हैं। कई बार गिरे, चोटें भी लगीं, लेकिन स्केट्स पहनकर फिर से ट्रैक पर दौड़ पड़े। इनकी इसी जिद और जुनून ने आज कोसीकलां को जिले में दूसरा स्थान दिलाया है। कोच यश पाराशर के मार्गदर्शन में नमृता, लावण्या, सांवी, अवनी, श्रेया, आदी, अवंतिका और अवि ने गोल्ड पर कब्जा जमाया। इनकी आंखों में अब स्टेट चैंपियनशिप का सपना है।

अक्टूबर में ये बच्चे मथुरा का प्रतिनिधित्व करेंगे और इनका लक्ष्य अब सिर्फ स्टेट नहीं, नेशनल तक पहुंचना है। कोसीकलां जैसे छोटे नगर से निकलकर इन बच्चों ने बड़े शहरों के खिलाड़ियों को पछाड़ा है। यह जीत सिर्फ 19 मेडल की नहीं, बल्कि हर उस माता-पिता के भरोसे की जीत है, जिन्होंने अपने बच्चों के सपनों पर यकीन किया।

# खाद की किल्लत, धान खरीद में अनियमितता पर रोष

**यूनिक समय, गोवर्धन।** खाद की किल्लत, धान खरीद में कथित अनियमितता और बिजली की अघोषित कटौती को लेकर भाकियू चढूनी की कैंप कार्यालय पर बैठक हुई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान के नेतृत्व में हुई बैठक में युवा मंडल अध्यक्ष तुलसी दास और जिलाध्यक्ष संजय पाराशर ने किसानों की समस्याएं उठाईं। उन्होंने कहा कि किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल रहा है। मथुरा मंडी में धान की सही तौल नहीं होने की शिकायत भी की। बिजली कटौती को लेकर भी आक्रोश जताया। अधिकारियों पर मनमानी और किसानों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। बैठक में रतन सिंह पहलवान ने नए सदस्यों को पदभार ग्रहण कराया। श्यामवीर सिंह राधाकुंड को मंडल सचिव, योगेंद्र सिंह को सदर तहसील



भाकियू की बैठक में बोलते किसान।

युवा अध्यक्ष, डीपटी को उपाध्यक्ष, मुरारी को ऊंचे गांव संगठन मंत्री और गिरवर सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष गोवर्धन बनाया गया। इस दौरान सोनवीर सिंह तोमर, सत्येंद्र शर्मा, प्रमोद रावत, अतर सिंह, रंजीत मोहन सिंह, बाबूलाल उपाध्याय, पिस्ता, किरण देवी, सुशील कुमार, ओमप्रकाश, नवल सिंह, सत्यवीर सिंह, डॉ. सत्यवीर सिंह, प्रेम सिंह, जगबीर सिंह, बाबू, लक्ष्मी नारायण, राजेश, आजाद, सुरेश, लोकेश, सेठी और राकेश आदि मौजूद रहे।

## एसबीआई की तरौली शाखा अब अकबरपुर-शेरगढ़ रोड पर होगी स्थानांतरित

**यूनिक समय, तरौली ।** क्षेत्र के बैंक ग्राहकों के लिए राहत और सुविधा की खबर है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की तरौली स्थित शाखा, जो वर्तमान में मेन बाजार में संचालित हो रही है, जल्द ही नए स्थान पर स्थानांतरित होने जा रही है। शाखा को अकबरपुर-शेरगढ़ रोड, तरौली शुमाली स्थित नए भवन में शिफ्ट किया जाएगा। शाखा प्रबंधक हेमंत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बैंक शाखा को अगले माह नए भवन में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## स्कॉर्पियो सवार दो युवकों पर जान से मारने का आरोप

**यूनिक समय, कोसीकलां।** थाना क्षेत्र में एनएच-19 स्थित कोटवन कट के पास युवक पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोटवन निवासी लोकेश ने दो युवकों पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का आरोप लगाया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फायरिंग के बाद दोनों युवक जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस रिकॉर्ड में नामजद रोहित और मोहन श्याम दोनों ग्राम कोटवन के निवासी हैं। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस घटनास्थल से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर की जाएगी।


## लाठी-डंडों से हमला कर किया घायल

**यूनिक समय, कोसीकलां।** थाना क्षेत्र के कोटवन निवासी सुशील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 सितंबर की शाम करीब 4:30 बजे उसके पिता कंपनी पल्स नवीपुर से घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में लविवा ढाबा के विपरीत रोहित, मोहन, दुबली निवासीगण कोटवन और 2-3 अन्य लोगों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट व गाली-गलौज करने लगे, हमलावरों ने लाठी-डंडों से हमला किया, जिससे वह बेहोश होकर नीचे गिर गए। आरोप है कि नीचे गिरने के बाद भी उनके साथ मारपीट जारी रखी गई। घटना में उनके सीने, हाथ-पैर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

# चौमुहां में सूने मकान से नकदी और जेवर चोरी

**यूनिक समय, चौमुहां।** कस्बा के थोक मनी मौहल्ले में रविवार रात अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और कमरे की अलमारी का ताला तोड़कर करीब 1.40 लाख रुपये नकद, सोने का मंगलसूत्र और सोने की चेन चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पर पहुंची जैत थाना पुलिस ने निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

थोक मनी मौहल्ला निवासी विष्णु रविवार रात परिवार के साथ पसोली रोड स्थित निर्माणाधीन प्लॉट पर सोने के लिए गए थे। इसी दौरान घर खाली



चोरों द्वारा तोड़ी गई अलमारी।

देखकर चोर छत के रास्ते मकान में घुस गए।

कुंडी खोलने के बाद अलमारी का

### छत के रास्ते घुसे चोर अलमारी का ताला तोड़कर वारदात

### रात की गश्त को लेकर ग्रामीणों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश


ताला तोड़ा और उसमें रखी नकदी-आभूषण लेकर फरार हो गए।

सोमवार सुबह विष्णु घर लौटे तो मुख्य कमरे की कुंडी खुली मिली। अंदर पहुंचने पर अलमारी का ताला टूटा और सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर नकदी और जेवर गायब मिले। उन्होंने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित से जानकारी ली।

ग्रामीणों का आरोप है कि कस्बे में रात के समय पुलिस गश्त प्रभावी नहीं है।

उनका कहना है कि गश्त व्यवस्था मजबूत नहीं होने से चोरों के हौसले बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द गश्त बढ़ाने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जाएगी।

## सुविचार



मेहनत से मत घबराओ असफलता से सीखो और हर दिन अपने सपनों की ओर एक कदम आगे बढ़ाओ।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | तृतीया | 07:14-07:14 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | अश्विनी | 05:10-09:03 तक | माह | आश्विन |
| सूर्योदय | | 6:17 AM | चन्द्रोदय | 07:14 PM |
| सूर्यास्त | | 6:17 PM | चंद्रास्त | 07:38 AM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | मीन राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:51AM –12:41 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:41-05:29 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 07:47 AM: 09:17 AM | वार | मंगलवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# प्रेम और भक्ति की पवित्र भूमि है बरसाना : प्रदीप मिश्रा



सोमवार को बरसाना में आयोजित शिव महापुराण कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।



कथा सुनाते प्रदीप मिश्रा।



कथावाचक प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लेते डीएम सीपी सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार।

### शिव महापुराण कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब खचाखच भरा पंडाल

### बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या, ईशा–गौर झांकी ने मोहा मन

**यूनिक समय, बरसाना।** प्रेम सरोवर के समीप गाजीपुर संकेत मध्य क्षेत्र के विशाल मैदान में आयोजित शिव महापुराण कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से कथा श्रवण के लिए यूपी, एमपी सहित विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु बरसाना पहुंचे। पहले ही दिन कथा पंडाल खचाखच भर गया। इस दौरान ईशा-गौर की मनोहारी झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

कथा में पंडित प्रदीप मिश्रा ने बरसाना को प्रेम और भक्ति की पवित्र भूमि बताते हुए कहा कि यहां राधारानी और भगवान श्रीकृष्ण की प्रेम-करुणा की अनुभूति होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान शिव में विश्वास के साथ कर्म और निरंतर प्रयास करते रहने का संदेश दिया। एक परिवार के तीन बेटों को सरकारी नौकरी मिलने का प्रसंग भी साझा किया।

पितृ पक्ष के संदर्भ में उन्होंने पूर्वजों की स्मृति में दान, सेवा और समाजहित के कार्य करने की बात कही। कथा के दौरान महाभारत के अरावन देवता के प्रसंग के माध्यम से किन्नर समाज की धार्मिक आस्था और उनसे जुड़ी परंपराओं का उल्लेख किया।

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए विठलेश सेवा समिति और प्रशासन की ओर से व्यवस्थाओं को बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। समिति के अनुसार आगामी दिनों में अतिरिक्त पंडाल, बैठने की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। पहले दिन की भीड़ से पूरा बरसाना भक्तिमय नजर आया।

## भगत सिंह ने युवाओं को सिखाया राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाना

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद की ओर से शहीद–ए–आजम सरदार भगत सिंह के जन्मदिवस पर कृष्णा नगर बिजली घर कैंप परिसर में पुष्पांजलि सभा- संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कअध्यक्षता चित्रसेन मौर्य ने की, जबकि संचालन हरेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाबा साहब डॉ. आंबेडकर वाहिनी समाजवादी पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार बीडीसी ने सरदार भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि भगत सिंह ने कम उम्र में ही देश की आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने प्राणों की आहुति देकर युवाओं को राष्ट्रहित में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। लुकेश कुमार राही ने कहा कि भगत सिंह ने युवाओं को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने, सत्ता से सवाल करने और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। इस दौरान अध्यापक रंजीत कुमार सागर, सुमित कुमार, असलम कुरैशी, राजगब्बर, गौस मोहम्मद, अनिल कुमार यादव, आकाश बाबू, सौदान सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# संजीव चतुर्वेदी के मामलों से अब तक 17 जज क्यों हटे

### सुप्रीम कोर्ट से कैट तक कई न्यायिक अधिकारी सुनवाई से अलग

### हितों के टकराव और निष्पक्षता की आशंका मानी जाती है वजह



**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी संजीव चतुर्वेदी से जुड़े मामलों की सुनवाई से अब तक 17 न्यायिक अधिकारी अलग हो चुके हैं। हाल में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) की दिल्ली पीठ के न्यायिक सदस्य राजवीर सिंह वर्मा ने भी उनकी याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। यह सिलसिला वर्ष 2013 से जारी है।

संजीव चतुर्वेदी 2002 बैच के उत्तराखंड कैडर के आईएफएस अधिकारी हैं। हरियाणा में तैनाती के दौरान उन्होंने अवैध खनन और सरकारी धन के कथित दुरुपयोग से जुड़े मामलों को उठाया था। वर्ष 2012 से 2014 तक एम्स दिल्ली में मुख्य सतर्कता अधिकारी रहते हुए भी उन्होंने कई मामलों की जांच की। भ्रष्टाचार के खिलाफ काम के लिए उन्हें वर्ष 2015 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार मिला था।

चतुर्वेदी से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट के दो जज, उत्तराखंड हाई कोर्ट के चार जज और कैट के नौ न्यायिक अधिकारी सुनवाई से अलग हो चुके हैं। निचली अदालत के दो न्यायिक अधिकारी भी इससे हटे हैं। अलग होने वाले जजों में रंजन गोगोई और यूयू ललित के नाम भी शामिल हैं।

किसी मामले से जज के अलग होने को न्यायिक प्रक्रिया में 'रिक्यूजल' कहा जाता है।

यदि किसी न्यायाधीश को व्यक्तिगत या पेशेवर संबंध, हितों के टकराव अथवा निष्पक्षता पर सवाल उठने की आशंका हो, तो वे सुनवाई से अलग हो सकते हैं। हालांकि चतुर्वेदी से जुड़े कई मामलों में न्यायिक आदेशों में अलग होने का विशिष्ट कारण दर्ज नहीं किया गया है।

# 30 दिन वाले रिचार्ज नियम पर राघव चड्ढा ने जताई खुशी



### 28 दिन की वैधता से साल में 13 रिचार्ज का मुद्दा उठाया था

### अब आवाज और एसएमएस वाले प्लान के मिलेंगे ज्यादा विकल्प

### बिना डेटा वाले उपभोक्ताओं के लिए भी विकल्प

**यूनिक समय, मथुरा।** दूरसंचार नियामक ट्राई के नए नियमों के बाद प्रीपेड मोबाइल उपभोक्ताओं को रिचार्ज में अधिक विकल्प मिलने की राह खुल गई है। ट्राई ने 22 सितंबर को दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण नियमों में संशोधन अधिसूचित किया है। इसके तहत कंपनियों को 30 दिन की वैधता वाले केवल आवाज और एसएमएस रिचार्ज विकल्प उपलब्ध कराने होंगे।

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने इस बदलाव का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि 28 दिन की वैधता वाले रिचार्ज के कारण उपभोक्ताओं को एक साल में 12 की जगह 13 बार रिचार्ज करना पड़ता था। उन्होंने मार्च में संसद में यह मुद्दा उठाते हुए उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुविधाजनक विकल्प देने की मांग की थी।

नए प्रावधानों के तहत दूरसंचार कंपनियों को केवल आवाज और एसएमएस वाले विशेष रिचार्ज विकल्पों की अधिक वैरायटी देनी होगी। इनमें 30 दिन या उससे कम अवधि वाले प्लान शामिल होंगे। साथ ही हर महीने एक ही तारीख को नवीनीकरण का विकल्प भी उपलब्ध कराने का प्रावधान है। चड्ढा ने इसे उपभोक्ताओं की सुविधा और जरूरत के अनुरूप रिचार्ज चुनने की दिशा में बदलाव बताया।

# सांवलिया सेठ के भंडार में बरसे करोड़ों, दान 29 करोड़ पार

### आठ चरणों में 29.06 करोड़ की नकदी की गणना पूरी

### सोना–चांदी, सिक्के और ऑनलाइन दान की गणना बाकी



**यूनिक समय, मथुरा।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के मंडफिया स्थित प्रसिद्ध सांवलियाजी मंदिर में भगवान सांवलिया सेठ के भंडार से निकली दान राशि ने नया आंकड़ा छू लिया है। दानपात्र की आठ चरणों में हुई गणना में अब तक 29 करोड़ 6 लाख 31 हजार 230 रुपये नकद प्राप्त हुए हैं। अभी गणना पूरी नहीं हुई है, इसलिए अंतिम राशि इससे अधिक होने की संभावना है।

आठवें चरण में 51 लाख 68 हजार 630 रुपये की नकदी गिनी गई, जिसे बैंक में जमा करा दिया गया। इससे पहले सात चरणों में 28 करोड़ 54 लाख 62 हजार 600 रुपये की गणना हो चुकी थी। मंदिर के भंडार को परंपरा के अनुसार अमावस्या से एक दिन पहले खोला गया था। इसके बाद झलझुलनी मेले के चलते गणना का काम कुछ दिनों के लिए रोक दिया गया था।

दान की गणना के दौरान पहले चरण में 7 करोड़ 53 लाख 60 हजार रुपये मिले। दूसरे चरण में 7 करोड़ 51 लाख 94 हजार, तीसरे में 5 करोड़ 58 लाख 2 हजार और चौथे चरण में 4 करोड़ 97 लाख 26 हजार 600 रुपये की नकदी निकली। पांचवें चरण में 1 करोड़ 66 लाख, छठे में 81 लाख 65 हजार और सातवें चरण में 25 लाख 85 हजार रुपये गिने गए।

मंदिर में श्रद्धालु नकदी के अलावा मन्नत पूरी होने पर सोने–चांदी के आभूषण भी चढ़ाते हैं। इन आभूषणों की तौल अभी बाकी है। इसके साथ छोटे नोट, सिक्कों और ऑनलाइन माध्यम से मिले दान का हिसाब भी होना है। इसलिए फिलहाल सामने आया 29.06 करोड़ रुपये का आंकड़ा केवल नकद दान की अब तक हुई गणना है। पूरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंदिर को मिले कुल दान की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी।

## सम्पादकीय

# कुंवारी कोख का सौदा यूपी में मंडराता खतरा

बिहार से सामने आई नवजातों की कथित खरीद–फरोख्त की पड़ताल ने केवल एक राज्य की व्यवस्था पर सवाल नहीं उठाया, बल्कि उत्तर प्रदेश के लिए भी गंभीर चेतावनी छोड़ी है। रिपोर्ट में जिस तरह कुंवारी और नाबालिग लड़कियों की मजबूरी, बदनामी के भय और परिवार की बेबसी को कथित धंधे का आधार बताया गया है, वह समाज के सबसे कमजोर वर्गों के शोषण की भयावह तस्वीर सामने रखता है।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कथित नेटवर्क अस्पतालों, बिचौलियों और स्वास्थ्यकर्मियों की कड़ियों से जुड़ा बताया गया है। रिपोर्ट में अंडरकवर संवादों के जरिए बच्चों की कीमत, खरीदारों की पसंद, अस्पतालों में डिलीवरी और नवजात को आगे पहुंचाने जैसी बातें सामने आने का दावा किया गया है। इन दावों की स्वतंत्र जांच और प्रत्येक मामले में कानूनी सत्यापन जरूरी है, लेकिन संकेत इतने गंभीर हैं कि इन्हें महज सनसनी मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।


पवन गौतम
संपादक

उत्तर प्रदेश में मथुरा–वृंदावन, आगरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, फिरोजाबाद, कासगंज और आसपास के जिलों में बड़ी संख्या में निजी अस्पताल, नर्सिंग होम और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तृत नेटवर्क है। ऐसे में सवाल केवल यह नहीं कि बिहार में क्या हुआ, बल्कि यह भी है कि यूपी में जन्म पंजीकरण, नवजातों के अभिलेख, अस्पतालों के प्रसव रिकॉर्ड और गोद लेने की प्रक्रियाओं की निगरानी कितनी प्रभावी है।

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

विशेषकर नाबालिग गर्भवती लड़कियों के मामलों में गोपनीयता, सुरक्षा और कानूनी संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी बच्ची की सामाजिक बदनामी को उसके बच्चे की कीमत तय करने का जरिया बनाना मानवता के साथ अपराध होगा। अस्पतालों में जन्मे हर बच्चे का वैधानिक रिकॉर्ड, माता–पिता की पहचान का सत्यापन और संदिग्ध हस्तांतरण की तत्काल सूचना जैसी व्यवस्थाओं को कागज से जमीन तक मजबूत करना जरूरी है।

यूपी में प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और बाल संरक्षण तंत्र को इस रिपोर्ट से सबक लेकर संवेदनशील जिलों में विशेष सत्यापन अभियान चलाना चाहिए। जरूरत इस बात की है कि जांच अस्पताल से शुरू होकर एजेंट और कथित खरीदार तक पहुंचे। क्योंकि सवाल सिर्फ बच्चों की खरीद–बिक्री का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का है जहां किसी लड़की की मजबूरी को बाजार और नवजात को सौदा समझ लिया जाता है। और जहां निगरानी कमजोर हो, वहां यह खतरा चुपचाप अपनी जड़ें जमा सकता है।

## नजरिया

# दिल्ली में दोस्ती, यूपी में सीटों पर घमासान

बोध प्रकाश सगुणी



राजनीति में गठबंधन की तस्वीर मंच पर दिखाई देती है, लेकिन उसकी असली मजबूती चुनावी मैदान में परखी जाती है। नेता एक मंच पर हाथ मिला लें, साझा बयान जारी कर दें और एक–दूसरे के साथ खड़े नजर आएं, यह गठबंधन का एक पक्ष है। दूसरा और अधिक कठिन पक्ष सीटों का बंटवारा, संगठन की भूमिका और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच हालिया बयानबाजी इसी अंतर को सामने ला रही है।

दिल्ली में विपक्षी दल एक बार फिर साझा मुद्दे पर साथ आने की तैयारी कर रहे हैं। चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी दलों के बीच समन्वय बढ़ा है। 30 सितंबर को दिल्ली के संविधान क्लब में इंडिया गठबंधन के प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक प्रस्तावित है। इसमें चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों पर साझा रणनीति पर चर्चा होने की बात सामने आई है।

दिल्ली की यह तस्वीर विपक्षी एकजुटता का संदेश देती है, लेकिन उत्तर प्रदेश की तस्वीर कुछ अलग दिखाई देती है। 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सपा और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे और राजनीतिक प्रभाव को लेकर नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं। कांग्रेस जल्दी सीटों पर सहमति चाहती दिख रही है, ताकि उम्मीदवारों को तैयारी का पर्याप्त समय मिल सके। वहीं सपा की ओर से यह संकेत दिए जा रहे हैं कि सीटों का फैसला दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर होना चाहिए।

मामला केवल सीटों की संख्या तक सीमित नहीं है। दोनों दल उत्तर प्रदेश में अपने–अपने राजनीतिक प्रभाव का आकलन कर रहे हैं। कांग्रेस का आधार यह है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन के दौरान पार्टी को राज्य में छह सीटों पर जीत मिली थी और राहुल गांधी की सक्रियता ने पार्टी के संगठन को नया राजनीतिक आत्मविश्वास दिया है। दूसरी तरफ सपा उत्तर प्रदेश में अपने संगठन, सामाजिक आधार और विधानसभा की जमीनी ताकत को सीट बंटवारे में महत्वपूर्ण मानती है।

यही वजह है कि गठबंधन के भीतर नेताओं के बयान भी अब राजनीतिक संदेश देने लगे हैं।

सपा सांसद इकरा हसन और कांग्रेस सांसद इमरान मसूद के बयानों के बाद दोनों दलों के नेताओं के बीच जवाबी प्रतिक्रियाएं सामने आईं। कांग्रेस की ओर से जल्द सीट बंटवारे की जरूरत पर जोर दिया गया, जबकि सपा की ओर से नेतृत्व और जमीनी ताकत को लेकर अलग दृष्टिकोण सामने आया।

इस बीच अखिलेश यादव ने रायबरेली से पीडीए रथ यात्रा की शुरुआत की। रायबरेली कांग्रेस के प्रमुख राजनीतिक क्षेत्रों में माना जाता है और राहुल गांधी का लोकसभा क्षेत्र भी है। अखिलेश यादव ने गठबंधन को लेकर सीटों के बंटवारे में जीतने की क्षमता को आधार बनाने की बात कही। यह बयान आने वाले चुनाव में सीटों के दावों को लेकर सपा के दृष्टिकोण का संकेत माना जा रहा है।

इसके बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की ओर से इटावा, मैनपुरी और कन्नौज जैसे सपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में कांग्रेस नेताओं के जाने की बात कही गई। जवाब में सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस नेता वहां जा सकते हैं, लेकिन उन्हें वोट नहीं मिलेगा। यह बयान राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि यह विवाद अब केवल लखनऊ या दिल्ली की बैठकों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि दोनों दलों के नेताओं के बीच अपने–अपने प्रभाव क्षेत्रों को लेकर सार्वजनिक बयानबाजी तक पहुंच गया है।

यहां एक दिलचस्प राजनीतिक विरोधाभास दिखाई देता है। एक तरफ दिल्ली में विपक्षी दल चुनाव आयोग जैसे साझा मुद्दे पर एकजुट रणनीति बनाने की तैयारी कर रहे हैं, दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में सहयोगी दल अपने–अपने राजनीतिक आधार को लेकर सार्वजनिक संदेश दे रहे हैं। दिल्ली में साझा मंच जरूरी है, लेकिन उत्तर प्रदेश में सीटों का सवाल उससे कहीं अधिक जटिल है।

आखिर 403 विधानसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में गठबंधन का फार्मूला केवल शीर्ष नेताओं की सहमति से नहीं बनेगा। हर सीट पर स्थानीय संगठन, पिछले चुनाव के आंकड़े, संभावित उम्मीदवार, सामाजिक समीकरण और कार्यकर्ताओं की स्वीकार्यता जैसे कई पहलू सामने आएंगे। एक सीट पर कांग्रेस का दावा हो सकता है तो दूसरी सीट पर सपा अपनी स्थिति मजबूत मान सकती है। ऐसे में सीटों की संख्या से अधिक कठिन काम यह तय करना होगा कि किस क्षेत्र में किस दल का संगठन चुनाव लड़ने की स्थिति में है।

गठबंधन राजनीति की एक और चुनौती कार्यकर्ताओं के स्तर पर तालमेल की है। शीर्ष नेतृत्व यदि किसी सीट पर समझौता कर भी लेता है तो जमीन पर दोनों दलों के स्थानीय कार्यकर्ताओं को एक–दूसरे के लिए काम करना होगा। यदि स्थानीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा और अविश्वास बना रहा तो कागज पर हुआ समझौता चुनावी मैदान में उतना प्रभावी नहीं रह सकता।

इसलिए दिल्ली की बैठकों को उत्तर प्रदेश की जमीन से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इंडिया गठबंधन की राष्ट्रीय राजनीति में साझा मुद्दे महत्वपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के रिश्ते की दिशा सीट बंटवारे और संगठनात्मक तालमेल से तय होगी।

यह भी ध्यान रखना होगा कि 2024 का लोकसभा चुनाव और 2027 का विधानसभा चुनाव अलग चुनाव हैं। लोकसभा में गठबंधन का प्रदर्शन विधानसभा में उसी रूप में दोहराया जाएगा, यह मान लेना राजनीतिक रूप से स्वतःसिद्ध नहीं है। विधानसभा चुनाव में स्थानीय उम्मीदवार, क्षेत्रीय समीकरण और बूथ स्तर का संगठन कहीं अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

फिलहाल तस्वीर यही है कि दिल्ल में विपक्षी एकजुटता के प्रयास जारी हैं और उत्तर प्रदेश में सपा–कांग्रेस अपने–अपने राजनीतिक हितों तथा दावों को सामने रख रही हैं। इसे अंतिम टूट या अंतिम समझौता मानना अभी जल्दबाजी होगी। चुनावी राजनीति में बातचीत आखिरी क्षण तक चलती है और गठबंधन के फार्मूले भी कई दौर की बातचीत के बाद तय होते हैं।

लेकिन एक बात साफ है–गठबंधन की असली परीक्षा साझा तस्वीरों में नहीं, साझा रणनीति में होगी। दिल्ली में हाथ मिलाना आसान है, उत्तर प्रदेश की 403 सीटों पर हाथ मिलाकर चलना कठिन। यही तय करेगा कि इंडिया गठबंधन की राष्ट्रीय एकजुटता उत्तर प्रदेश की राजनीतिक जमीन पर कितनी दूर तक साथ चल पाती है।

## विचार विंडो


# सड़क की जांच से निकला थप्पड़, अब सवालों की बारी

राम प्रकाश शर्मा

दिल्ली के तिलक नगर में सड़क निर्माण के निरीक्षण के दौरान मंत्री प्रवेश वर्मा और आम आदमी पार्टी विधायक जरनैल सिंह से जुड़े लोगों के बीच हुआ विवाद अब सड़क की गुणवत्ता से आगे निकलकर राजनीतिक टकराव का मुद्दा बन गया है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में प्रवेश वर्मा एक युवक का मोबाइल नीचे करते और उसके बाद उसे थप्पड़ मारते दिखाई देते हैं। घटना के बाद आम आदमी पार्टी ने मंत्री पर कार्रवाई की मांग की, जबकि प्रवेश वर्मा ने पूरे घटनाक्रम का दूसरा पक्ष सामने रखा।

विवाद का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यही है कि सामने आया वीडियो घटनाक्रम का केवल एक हिस्सा दिखाता है। प्रवेश वर्मा का कहना है कि निरीक्षण के दौरान उनके परिवार के बारे में कथित रूप से अपशब्द कहे गए, जिसके बाद गर्मागर्मी में उन्होंने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने यह भी कहा कि जो हुआ, वह नहीं होना चाहिए था। दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी और विधायक जरनैल सिंह की ओर से सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए गए हैं। जरनैल सिंह ने दावा किया कि उन्होंने सड़क की ऊपरी परत को हाथ से निकालकर उसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाया था। इस पूरे विवाद में एक दूसरा गंभीर आरोप भी सामने आया है। प्रवेश वर्मा ने जरनैल सिंह पर लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों पर ठेकेदार से संपर्क कराने और कमीशन दिलाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि सड़क रात में बनाए जाने के बाद सुबह उसे कथित तौर पर उखाड़ दिया जाता था और फिर निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए वीडियो प्रसारित किए जाते थे। ये आरोप राजनीतिक विवाद के बीच लगाए गए हैं और इनके स्वतंत्र सत्यापन की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इसलिए इन्हें स्थापित तथ्य के बजाय संबंधित पक्ष के दावे के रूप में देखना जरूरी है।



विवाद को और गंभीर बनाता है पुलिस में पहुंचा मामला। पुलिस को युवक साहिब सिंह की ओर से शिकायत मिलने की खबर है। पुलिस मामले में तथ्यों का सत्यापन कर रही है। इसी बीच पुलिस रिकॉर्ड में साहिब सिंह के खिलाफ जून 2026 में एक अलग मारपीट का मामला दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई है। इस पुराने मामले को वर्तमान घटना की सत्यता का प्रमाण नहीं माना जा सकता; दोनों घटनाओं की कानूनी स्थिति अलग–अलग है। राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप के बीच मूल सवाल कहीं पीछे नहीं छूटना चाहिए–सड़क बनी कैसी है? यदि सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं तो उसका जवाब वीडियो, बयान या राजनीतिक मंच से नहीं, बल्कि तकनीकी जांच से मिलना चाहिए। निर्माण की सामग्री, मोटाई, गुणवत्ता मानक, स्वीकृत निविदा और भुगतान से जुड़े दस्तावेजों की जांच हो तो यह स्पष्ट किया जा सकता है कि सड़क निर्माण में कहीं अनियमितता हुई या नहीं।

दूसरा सवाल सार्वजनिक व्यवहार का है। जनप्रतिनिधि और मंत्री जनता के बीच रहते हैं, इसलिए उनके सामने विरोध, सवाल और असहमति आना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। उसी तरह किसी मंत्री या जनप्रतिनिधि के परिवार के खिलाफ कथित अभद्र भाषा भी स्वीकार्य सार्वजनिक संवाद का हिस्सा नहीं मानी जा सकती। दोनों स्थितियों की जांच तथ्यों के आधार पर होनी चाहिए।

इस प्रकरण में राजनीतिक दलों के आरोप तेजी से सामने आए हैं। भाजपा ने घटना पर खेद जताते हुए युवक के पुराने मामले का उल्लेख किया है, जबकि आम आदमी पार्टी ने मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस तरह दोनों पक्षों ने घटना को अपने–अपने राजनीतिक नजरिये से प्रस्तुत किया है। लेकिन जनता के लिए असली सवाल राजनीतिक बयानबाजी से अलग है। यदि सड़क खराब है तो जिम्मेदारी तय हो। यदि सड़क मानकों के अनुरूप बनी है तो तकनीकी रिपोर्ट सार्वजनिक हो। यदि किसी अधिकारी, ठेकेदार या जनप्रतिनिधि पर भ्रष्टाचार या कमीशन का आरोप है तो उसके समर्थन में दस्तावेज और जांच सामने आएं। और यदि किसी व्यक्ति के साथ मारपीट हुई है तो कानून अपना रास्ता तय करे। तिलक नगर की घटना यह भी दिखाती है कि सार्वजनिक जीवन में कैमरा और मोबाइल आज हर विवाद का तत्काल गवाह बन जाते हैं। कुछ सेकंड का वीडियो पूरे घटनाक्रम की तस्वीर नहीं देता। इसलिए किसी वायरल वीडियो के आधार पर अंतिम निष्कर्ष निकालने के बजाय पूरी घटना, प्रत्यक्षदर्शियों, उपलब्ध फुटेज और पुलिस जांच को सामने रखना अधिक महत्वपूर्ण है। सड़क निर्माण जनता के पैसे से होता है और उसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाना जनता का अधिकार है। लेकिन सवाल पूछने का जवाब हिंसक प्रतिक्रिया नहीं हो सकता। इसी तरह विरोध या राजनीतिक असहमति को व्यक्तिगत आरोपों और अपशब्दों में बदलना भी समस्या का समाधान नहीं है। अब तिलक नगर में जरूरत एक और राजनीतिक बयान की नहीं, बल्कि तथ्य सामने आने की है। सड़क की तकनीकी जांच, पुलिस की निष्पक्ष पड़ताल और दोनों पक्षों के आरोपों की सत्यता–इन तीनों से ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि विवाद की वास्तविक वजह क्या थी। लोकतंत्र में सड़क भी जनता की है और सवाल पूछने का अधिकार भी जनता का। इसलिए अंततः जवाब भी जनता के सामने तथ्यों के साथ आना चाहिए।

# एक दिन के तीन वनडे मैचों में छा गए छह शतकवीर

## बल्लेबाजों ने गेंदबाजों को जमकर धोया भारत—वेस्टइंडीज मुकाबले में तीन शतक विराट का नाबाद 139

## दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के मैच में भी बरसे रन



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 27 सितंबर का रविवार एक दिवसीय क्रिकेट में बल्लेबाजों के नाम रहा। एक ही दिन खेले गए तीन अलग—अलग मुकाबलों में छह बल्लेबाजों ने शतक जड़ दिए। भारत—वेस्टइंडीज, ऑस्ट्रेलिया—दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड—श्रीलंका के मुकाबलों में बल्लेबाजों ने गेंदबाजों पर जमकर प्रहार किया। छह शतकों के दौरान कुल 73 चौके और 26 छक्के लगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने 116 गेंदों में 103 रन बनाए। उन्होंने 10 चौके और दो छक्के लगाए। इसी मैच में डेविड मिलर ने 93 गेंदों पर 142 रन की तूफानी पारी खेली। मिलर ने 12 चौके और नौ छक्के जड़कर दक्षिण अफ्रीका को 366 रन तक पहुंचाया। भारत—वेस्टइंडीज मुकाबले में जस्टिन ग्रीव्स ने 108 गेंदों में 101 रन बनाए। उनकी पारी में 12 चौके शामिल रहे। जवाब में भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 108 गेंदों में 110 रन ठोके, जिसमें 13 चौके और एक छक्का रहा। इसके बाद विराट कोहली ने 88 गेंदों में नाबाद 139 रन बनाकर भारत को आठ विकेट से जीत दिलाई। यह विराट का एकदिवसीय क्रिकेट में 55वां शतक रहा। दिन के अंतिम शतकवीर इंग्लैंड के टॉम बैंटन रहे। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 105 गेंदों में 116 रन बनाए। बैंटन ने 16 चौके और पांच छक्के लगाए। इंग्लैंड ने 355 रन बनाए और श्रीलंका को 132 रन पर समेटकर 223 रन से जीत दर्ज की। इस तरह रविवार को तीन मुकाबलों में बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिला।

# कान्हा माखन के विद्यार्थियों ने स्केटिंग में लहराया परचम



स्केटिंग में पुरस्कार जीतने वाली कान्हा माखन पब्लिक स्कूल की छात्राएं।

## चार खिलाड़ियों ने जिला चैंपियनशिप में हासिल किए शीर्ष स्थान

## छवि रागिनी और निशी ने जीते स्वर्ण पदक स्कूल में हर्ष

**यूनिक समय, मथुरा।** छठवीं मथुरा जिला स्केटिंग चैंपियनशिप में कान्हा माखन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्गों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। प्रतियोगिता में विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिज्ञा, मेहनत और नियमित अभ्यास के दम पर शीर्ष स्थान प्राप्त किए। 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग में छवि रागिनी शर्मा (कक्षा पांच) ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसी आयु वर्ग में पार्व पांडे (कक्षा छह) और विदुषी (कक्षा चार) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। 6 से 8 वर्ष आयु वर्ग में निशी (कक्षा चार) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। चारों विद्यार्थियों की उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यार्थियों की सफलता पर कान्हा माखन पब्लिक स्कूल के प्रबंधन, प्रधानाचार्य प्रमोद शर्मा और समस्त शिक्षक—शिक्षिकाओं ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। चारों खिलाड़ियों की सफलता ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया और अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# एशियाड क्रिकेट में भारत पाकिस्तान फाइनल की संभावना

## बारिश से दोनों क्वार्टर फाइनल रद्द बेहतर रैंकिंग से सेमीफाइनल

## दोनों टीमें जीतेंगी सेमीफाइनल, तभी खिताबी मुकाबला संभव




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** एशियन गेम्स के पुरुष क्रिकेट में भारत और पाकिस्तान की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। सोमवार को भारत—अफगानिस्तान और पाकिस्तान—हांगकांग के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबले बारिश के कारण रद्द हो गए। इसके बाद बेहतर रैंकिंग के आधार पर भारत और पाकिस्तान को अंतिम चार में जगह मिली। भारत के सेमीफाइनल में श्रीलंका और नेपाल के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल के विजेता से मुकाबला होगा। वहीं पाकिस्तान का सामना बांग्लादेश और मलेशिया के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल तभी खेला जा सकेगा, जब दोनों टीमें अपने—अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतेंगी। एशियन गेम्स में अब तक भारत और पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीमें आमने—सामने नहीं हुई हैं। भारत ने 2022 में भी स्वर्ण पदक जीता था। उस संस्करण में अफगानिस्तान के खिलाफ फाइनल बारिश के कारण रद्द हुआ था और बेहतर स्थिति के आधार पर भारत को विजेता घोषित किया गया था। भारत—पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट मुकाबले लंबे समय से नहीं हुए हैं। दोनों टीमें अब मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बहु—देशीय प्रतियोगिताओं में आमने—सामने होती हैं।

# एआई वीडियो के दुरुपयोग पर भड़के सलमान खान

## सोशल मीडिया पर नियंत्रण और जवाबदेही की जरूरत बताई

## पैपराजी के गलत तस्वीर लेने पर भी जताई नाराजगी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अभिनेता सलमान खान ने सोशल मीडिया पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता से बनाए जा रहे फर्जी वीडियो और आवाज के दुरुपयोग पर नाराजगी जताई है। 'बिग बॉस-20' के हालिया एपिसोड में उन्होंने कहा कि उनके भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता से बनाए गए वीडियो सामने आते हैं, जिनमें उनकी आवाज और तस्वीर का गलत इस्तेमाल किया जाता है।

सलमान ने ऐसे मामलों पर सख्त कानून और सोशल मीडिया पर निगरानी की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि कई बार लोग फर्जी वीडियो को सच मानकर प्रसारित कर देते हैं। उनके मुताबिक, इस तरह की सामग्री बनाने वालों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। सलमान ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया से कमाई करने वाले लोगों के लिए रोजगार का अवसर है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। सलमान ने पैपराजी के महिलाओं की आपत्तिजनक तस्वीरें लेने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ महिलाएं ऐसे कैमरा कोणों से असहज होती हैं और उनकी निजता का सम्मान किया जाना चाहिए। इससे पहले भी वह पैपराजी और सामाजिक माध्यमों पर महिलाओं की तस्वीरों को लेकर आपत्ति जता चुके हैं। सलमान के बयान पर नेहा धूपिया और वरुण धवन समेत कुछ फिल्मी हस्तियों ने समर्थन जताया, जबकि पूर्व 'बिग बॉस' प्रतिभागी सोफिया हयात ने उनके पुराने व्यवहार का हवाला देते हुए आलोचना की।

# सबजूनियर बालक कबड्डी के जिला स्तरीय चयन ट्रायल 30 सितंबर को

**यूनिक समय, मथुरा।** खेल निदेशालय और उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के तत्वावधान में सात से नौ अक्टूबर तक आजमगढ़ में प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली आगरा मंडल की टीम के लिए मंडल स्तरीय चयन ट्रायल एक अक्टूबर को आगरा में होगा। इससे पहले मथुरा में जिला स्तरीय चयन ट्रायल स्वर्गीय मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, गणेशरा में 30 सितंबर को दोपहर तीन बजे से सबजूनियर बालक कबड्डी के जिला स्तरीय चयन ट्रायल होंगे। ट्रायल में वही बालक प्रतिभाग कर सकेंगे, जिनका जन्म 31 दिसंबर 2010 के बाद हुआ हो और वजन 60 किलोग्राम से कम हो। उप क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि चयन ट्रायल में भाग लेने के खिलाड़ियों से इच्छुक खिलाडियों को 30 सितंबर को निर्धारित समय पर अपने जन्मतिथि के मूल प्रमाण पत्र और आधार कार्ड के साथ उपस्थित होना होगा।

# ईशा सिंह ने दिलाया रजत, भारत को कई पदक पक्के

## 25 मीटर पिस्टल में चीन की निशानेबाज से मामूली अंतर

## लवलीना और प्रिया ने मुक्केबाजी में पदक किए पक्के




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नागोया एशियन गेम्स में सोमवार को भारत के लिए निशानेबाजी और मुक्के बाजी से अच्छी खबरें आईं। ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता। फाइनल में चीन की शियाओ जियारुईशुआन ने स्वर्ण और दक्षिण कोरिया की किम हयोन सुक ने कांस्य पदक हासिल किया। ईशा ने क्वालीफिकेशन में 580 अंक के साथ फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में ईशा को कई चरणों के मुकाबलों से गुजरना पड़ा। स्वर्ण पदक के लिए हुए शूट—ऑफ में वह मामूली अंतर से पीछे रह गईं। इसके साथ ही एशियन गेम्स में भारत की निशानेबाजी पदकों की संख्या 12 हो गई है। इनमें एक स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। मुक्के बाजी में लवलीना बोरगोहेन ने महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की सियोंग सुयोन को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे भारत का एक और पदक पक्का हो गया। महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग में प्रिया ने समादोवा को 5—0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई और पदक सुनिचित किया। कुराश में पिंकी बलहारा ने महिलाओं के 78 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की लिम गाराम को 3—0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्क्वॉश में भारतीय पुरुष टीम ने चीन को 3—0 से हराया, जबकि महिला टीम ने जापान को 2—1 से मात दी। क्रिकेट में बारिश के कारण भारत—अफगानिस्तान क्वार्टर फाइनल रद्द हुआ और बेहतर रैंकिंग के आधार पर भारत सेमीफाइनल में पहुंच गया।

# गोविंदा विवाद में कशमीरा ने कोमल पर उठाए सवाल

## को—स्टार को निजी बातें कैसे पता चलीं

## सुनीता के समर्थन में उतरीं कोमल ने सुनीता पर लगाए गंभीर आरोप



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच चल रहे विवाद में अब गोविंदा की भांजी कश्मीरा शाह भी सुनीता के समर्थन में सामने आई हैं। कश्मींरा ने सामाजिक माध्यम पर कोमल रानी स्वर्णकार के बयानों पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी सह—अभिनेत्री को किसी कलाकार की इतनी निजी बातें कैसे पता हो सकती हैं। कश्मीरा ने कहा कि अपने करीब 30 वर्ष के करियर में उन्होंने ऐसा संबंध नहीं देखा, जिसमें सह—अभिनेता को निजी जीवन की इतनी जानकारी हो। उन्होंने सुनीता को मजबूत महिला बताते हुए उनके साथ खड़े रहने की बात कही। विवाद तब बढ़ा, जब कोमल रानी ने सुनीता पर गोविंदा को नुकसान पहुंचाने और मानसिक रूप से परेशान करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। इससे पहले सुनीता ने दक्षिणेश्वर काली मंदिर में अपने परिवार को टूटने से बचाने की प्रार्थना की थी। गोविंदा ने भी अफेयर की चर्चाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी निजी जिंदगी को बेवजह चर्चा का विषय बनाया जा रहा है। लालबागचा राजा के दर्शन को लेकर उन्होंने कहा कि वह अपनी आगामी फिल्म की सफलता के लिए प्रार्थना करने पहुंचे थे।

# यूपी में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन





### आगरा में आवास पर कालिख पोतकर नारे लगाए गए

### लखनऊ में पुलिस से धक्का-मुक्की वाराणसी में चूड़ियां लेकर पहुंचीं महिलाएं

**यूनिक समय, लखनऊ।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के कई जिलों में प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कई स्थानों पर पुलिस से धक्का-मुक्की और हिरासत की कार्रवाई भी हुई। कांग्रेस ने मतदाता सूची की प्रक्रिया में पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। आगरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के आवास के बाहर प्रदर्शन किया और दीवार पर कालिख पोतकर नारे लिखे। लखनऊ में चुनाव आयोग कार्यालय की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका। बैरिकेडिंग पर चढ़ने और सड़क पर बैठने के बाद पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हटाकर वाहन में बैठाया। वाराणसी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला। महिला कार्यकर्ता हाथों में चूड़ियां लेकर पहुंचीं, जबकि प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के पोस्टर पर जूते-चप्पल मारे। मथुरा में कलेक्ट्रेट पर कार्यकर्ताओं और महिला पदाधिकारियों ने नारेबाजी की। प्रयागराज में पुतला जलाने को लेकर पुलिस और प्रदर्शनकारियों में खींचतान हुई। गोरखपुर में पुतला लेकर आगे बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका। मुरादाबाद और सहारनपुर में भी कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ने के दौरान धक्का-मुक्की हुई। हापुड़ में पुलिस ने करीब 50–60 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। मेरठ में बारिश के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। गाजियाबाद में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठे। अलीगढ़ में जुलूस निकालकर ज्ञापन सौंपा गया। मैनपुरी और कानपुर देहात में मुख्य चुनाव आयुक्त के पुतले जलाए गए, जबकि रायबरेली में कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन हुआ। विवाद की पृष्ठभूमि में एक रिपोर्ट के अनुसार, दो चुनाव आयुक्तों ने पिछले 10 महीनों में आयोग के कुछ फैसलों पर 14 लिखित आपत्तियां दर्ज की थीं।

## तेज रफ्तार कार खेत में पलटी, युवती की मौत

### दो दोस्तों के साथ रात में घूमने निकली थी राधा, हादसे में दोनों घायल



**यूनिक समय, आगरा।** खंदौली क्षेत्र में रविवार देर रात करीब दो बजे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरी। कार सड़क से उतरने के बाद करीब तीन बार पलटी, जिससे उसके परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार 20 वर्षीय राधा की मौत हो गई, जबकि उसके साथ मौजूद विनायक और प्रखर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार राधा खंदौली क्षेत्र की रहने वाली थी। वह दोनों दोस्तों के साथ रात में घूमने निकली थी। मई गांव के पास पहुंचने पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खेत में जा गिरी। हादसे में राधा की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और हादसे की परिस्थितियों की जांच की मांग करते हुए हंगामा किया।

## 42 साल पुराने हत्या-डकैती मामले में कैदी की रिहाई पर रोक

### 69 वर्षीय राजेंद्र की समयपूर्व रिहाई की दया याचिका खारिज

**यूनिक समय, अलीगढ़।** 42 साल पुराने डकैती और हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे 69 वर्षीय राजेंद्र सिंह को समयपूर्व रिहाई नहीं मिलेगी। जेल में लंबी अवधि बिताने और उम्र का हवाला देते हुए उसने समयपूर्व रिहाई की मांग की थी, लेकिन रिहाई समिति ने इसकी संस्तुति नहीं की। इसके बाद राज्यपाल ने भी दया याचिका खारिज कर दी। मामला 25–26 अगस्त 1984 की रात का है। अभिलेखों के अनुसार राजेंद्र एक अन्य आरोपी के साथ नगला संतोषी गांव के सियाराम के घर डकैती डालने पहुंचा था। इसी दौरान किताब सिंह ने उसे पहचान लिया। आरोप है कि पहचान होने पर राजेंद्र ने गोली चला दी, जिससे किताब सिंह की मौत हो गई। अलीगढ़ की अदालत ने 24 दिसंबर 1985 को उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने भी 8 अप्रैल 2016 को सजा बरकरार रखी। रिहाई समिति ने अपराध की प्रकृति और पुलिस–प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर मांग ठुकराई। मामला संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत राज्यपाल के पास भेजा गया था, जहां से भी अनुमति नहीं मिली।

## योगी ने 1375 ग्राम पंचायत को बांटे नियुक्ति पत्र

### नियुक्ति पत्र वितरण के साथ अखिलेश पर साधा निशाना

### कहा– हर सप्ताह नियुक्ति पत्र बांटेंगे, छह माह में एक लाख रोजगार



**यूनिक समय, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 1,375 नवचयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने बिना नाम लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि नियुक्ति पत्र नहीं बांटे जाने की चिंता न करें, सरकार हर सप्ताह नियुक्ति पत्र बांटती रहेगी। उन्होंने अगले छह माह में एक लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र देने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में 'टोटी चोरी' का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि कोई टोटी चोरी करके ले जाता है तो प्लंबर उसकी मरम्मत कर सकता है, लेकिन टोटी चोरी होती रहे और पानी बहता रहे, यह स्थिति ठीक नहीं है। यह टिप्पणी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से जुड़े पुराने आरोपों के संदर्भ में थी।

योगी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य गांवों में सुविधाएं बढ़ाना है। ग्राम सचिवालयों के माध्यम से जन्म, आय और निवास प्रमाण पत्र जैसी सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें अपने आय के स्रोत बढ़ाएं और अतिरिक्त आय अर्जित करने वाली पंचायतों को सरकार से सहयोग दिया जाएगा।

कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सपा सरकार के कार्यकाल पर आरोप लगाते हुए भर्ती में लेन–देन होने का दावा किया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी वर्तमान सरकार में बिना घूस और सिफारिश के नियुक्तियां होने की बात कही।

ये दोनों नेताओं के राजनीतिक दावे हैं। योगी ने हाल की भारी बारिश का जिक्र करते हुए कहा कि चार दिनों की बारिश में 56 लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को आपदा और विकास कार्यों में अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सितंबर में इससे पहले 818 अभ्यर्थियों, 912 पुलिसकर्मियों और 3,567 शिक्षकों व प्रधानाचार्यों को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं।

## बारिश से यूपी में बाढ़ जैसे हालात

### आठ नदियां खतरे के निशान से ऊपर सैकड़ों परिवार विस्थापित

### मुरादाबाद में छत पर दिखे तीन तेंदुए, नौ जिलों में स्कूल बंद



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लगातार चार दिन हुई बारिश के बाद कई जिलों में हालात बिगड़ गए हैं। आठ नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं और कई गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। कुशीनगर में नेपाल से पानी छोड़े जाने के बाद गंडक नदी उफान पर है। दो गांवों के करीब 1,400 परिवार प्रभावित बताए गए हैं, जबकि करीब 600 परिवार तटबंध पर शरण लेने को मजबूर हैं। बदायूं में 70 साल पुरानी दो मंजिला कोठी ढह गई, जबकि अमरोहा में जर्जर मकान की दीवार गिर गई। गोंडा और बदायूं में छोटे पुलों के ऊपर से पानी बह रहा है। सीतापुर में सरायन और पिरई नदी का जलस्तर खतरे के निशान से करीब 30 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। उन्नाव में लोग मकानों और दुकानों की छतों पर रहने को मजबूर हैं। मुरादाबाद में बारिश के बीच नलकूप के कमरे की छत पर एक साथ तीन तेंदुए दिखाई देने से लोगों में दहशत फैल गई। सोमवार को लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी में मौसम साफ रहा। हालांकि कई जिलों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने 46 जिलों में बारिश और गरज–चमक का अलर्ट जारी किया है। जलभराव के कारण नौ जिलों में स्कूल बंद किए गए हैं।

## हाथरस में व्यापारी समागम में उद्योग विकास पर मंथन



**यूनिक समय, हाथरस।** श्री दाऊजी महाराज मेला प्रांगण में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल (फेम) के जिला अध्यक्ष एवं सम्मेलन संयोजक सुरेश अग्रवाल के संयोजन में भव्य व्यापारी समागम एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें हाथरस के अलावा बदायूं, कासगंज, फर्रुखाबाद, अलीगढ़, मथुरा, मैनपुरी, एटा और आगरा के व्यापारी व उद्योगपति शामिल हुए। महिला उद्यमियों और सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाली मातृशक्ति का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य एवं फेम के राष्ट्रीय महासचिव आरके गौड़, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश्वर पैन्यूली, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोवती, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख मुरसान रामेश्वर उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता चौधरी मौजूद रहे। अध्यक्षता बौहरे रमन मूर्ति शर्मा तथा स्वागताध्यक्ष ओमकार अग्रवाल ने की। पीके गुप्ता, संयुक्त आयुक्त जीएसटी आरके सिंह की मौजूदगी रही। संचालन कपिल अग्रवाल और फेम जिला महामंत्री ऋषि वार्ष्णेय ने किया। देवेंद्र मोहता, प्रदीप गोयल, नन्नूमल गुप्ता, चंचल सुपारी, गोविंद प्रसाद अग्रवाल, दीपक बूटिया, विनोद अग्रवाल, सत्यप्रकाश रंगीला, रवि वार्ष्णेय और शरद अग्रवाल ने विचार रखे। आरके गौड़ ने स्थानीय उत्पादों, डिजिटल व्यापार और ई–वाणिज्य को बढ़ावा देने पर जोर दिया। राजेश्वर पैन्यूली ने लघु एवं कुटीर उद्योगों को सहयोग देने की बात कही।

भूपेंद्र सिंह सोवती ने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। आयोजन में जय शर्मा, तरुण शर्मा, प्रवीन खंडेलवाल, पुलकित अग्रवाल, शशांक शर्मा, शुभम, अमन गोयल, ओमप्रकाश वर्मा, देवकीनंदन वर्मा, बंटू, शैलेंद्र शर्मा, डॉ. दिनेश माहेश्वरी और लोकेश अग्रवाल का सहयोग रहा।

## ताजमहल के फाउंटेन में युवक ने बनाई रील

### पानी में उतरकर डांस और पोज देते वीडियो हुआ वायरल

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, अधिकारियों ने जांच शुरू की

**यूनिक समय, आगरा।** ताजमहल परिसर में एक युवक द्वारा फाउंटेन के अंदर उतरकर रील बनाने का वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में युवक पानी में डुबकी लगाने के बाद डांस और अलग–अलग अंदाज में पोज देता नजर आ रहा है। उसके साथी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर साझा किया। वीडियो सामने आने के बाद ताजमहल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। परिसर में फाउंटेन में उतरना और स्मारक की व्यवस्थाओं से छेड़छाड़ करना प्रतिबंधित है।

# शाही मस्जिद विवाद में पथराव लाठीचार्ज से बढ़ा तनाव





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सिंहस्थ–2028 के लिए सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई के तहत शाही मस्जिद के बाहर निकले हिस्से को हटाने को लेकर सोमवार को उज्जैन में तनाव की स्थिति बन गई। मस्जिद के हिस्से को हटाने की कार्रवाई के दौरान पथराव हुआ। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। घटना में एक महिला थाना प्रभारी के घायल होने की जानकारी सामने आई है।

## महिला थाना प्रभारी घायल, पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी

## दस लोगों पर मुकदमा पांच बाहरी लोग गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक सड़क चौड़ीकरण की जद में मस्जिद का करीब नौ फीट लंबा और चार फीट चौड़ा हिस्सा आ रहा है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि मुस्लिम समाज और मस्जिद कमेटी की सहमति व सहयोग से संबंधित हिस्सा हटाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान स्थिति बिगाड़ने की कोशिश के बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया।

पुलिस ने मामले में दस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें पांच सामाजिक माध्यमों पर सामग्री बनाने वाले लोग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि इनके खिलाफ माहौल बिगाड़ने वाली सामग्री प्रसारित करने के आरोपों की जांच की जा रही है। वहीं, उज्जैन से बाहर से आए पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान की गिरफ्तारी की भी सूचना है। तनाव को देखते हुए शाही मस्जिद के आसपास भारी पुलिस बल और आरएएफ तैनात किया गया है। ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। आसपास के निजी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई, जबकि छत्री चौक, सती गेट, सराफा, लखेरवाड़ी, ढाबा रोड और गोपाल मंदिर क्षेत्र का बाजार बंद रहा। दोपहर में नमाज के समय कार्रवाई रोक दी गई। इसके बाद क्षेत्र में स्थिति सामान्य होने लगी। शहर काजी खलीकुर्रे रहमान ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और अनावश्यक रूप से मौके पर नहीं पहुंचने की अपील की।

# गैंगरेप की तीन घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली–एनसीआर में नाबालिगों से सामूहिक दुष्कर्म की तीन घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि इन घटनाओं से 2012 के निर्भया कांड की याद आती है और सवाल उठता है कि उस घटना से क्या सबक लिया गया।

मामलों में चार अगस्त को ग्रेटर नोएडा से दिल्ली जा रही बस में 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म, 12 सितंबर को स्वरूप नगर में 16 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के बाद हत्या और 21 सितंबर को आस्था कुंज पार्क में 17 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म की घटना शामिल है।

अदालत ने पार्क, सड़क, बस, मेट्रो स्टेशन और सब–वे जैसे सार्वजनिक

## अदालत ने पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था पर जवाब मांगा

## सार्वजनिक स्थानों पर गश्त बढ़ाने को लेकर उठे सवाल

स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त पर सवाल उठाए। पीठ ने कहा कि महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित वातावरण देना जरूरी है।

संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सम्मान के साथ जीवन जीना मौलिक अधिकार है। एनसीआरबी के 2024 के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में पॉक्सो अधिनियम के तहत 1,553 मामले दर्ज हुए थे।

# सीजेआई को 2000 नागरिकों ने लिखी चिट्ठी, एसआईआर पर रोक की मांग

## वैधता समीक्षा तक प्रक्रिया रोकने की मांग उठाई

## चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर की जांच की मांग रखी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर देश के दो हजार से अधिक नागरिकों ने मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत को पत्र भेजा है। पत्र में एसआईआर की वैधता और प्रक्रिया की समीक्षा होने तक इसे रोकने की मांग की गई है।

पत्र पर पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल विष्णु भागवत, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण, इतिहासकार आदित्य मुखर्जी और अभिनेता प्रकाश राज समेत शिक्षाविद, पूर्व अधिकारी, वकील, पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर बताए गए हैं।

हस्ताक्षरकर्ताओं ने मतदाता पंजीकरण सॉफ्टवेयर और आवेदन पत्रों में कथित अनधिकृत बदलावों की न्यायालय की निगरानी में जांच कराने की मांग की है। साथ ही चुनाव आयोग के ईसीआईनेट की सुरक्षा और कानूनी जांच के लिए स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति गठित करने की अपील की गई है।

इस बीच चुनाव आयोग ने एसआईआर से जुड़े फैसलों को सर्वसम्मत बताया है। आयोग के अनुसार एसआईआर में नाम छूटने वाले लोग मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए संबंधित निर्वाचन अधिकारी के पास आवेदन कर सकते हैं। आयोग ने नए सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र और पोर्टल लागू करने से पहले उनकी समीक्षा करने की बात भी कही है।

# दो युवकों की मौत के बाद अवैध झोपड़ों पर कार्रवाई

## सार्वजनिक शौचालय में घटना के बाद प्रशासन हुआ सक्रिय

## गाला मालिक गिरफ्तार, पुलिस और विभागीय जांच जारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गोरेगांव पूर्व के राम मंदिर इलाके में सार्वजनिक शौचालय में संदिग्ध रासायनिक गंध से दो युवकों की मौत के बाद सोमवार को प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी। बीएमसी की टीम ने इलाके में अवैध झोपड़ों और निर्माण के खिलाफ तोड़फोड़ अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

रविवार को सार्वजनिक शौचालय से तेज रासायनिक गंध आने के बाद प्रभाकर धनिवार (24) और भाविन देसाई (18) को अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने दोनों को



मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अग्निशमन दल, पुलिस, एंबुलेंस और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल की टीमों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

प्रारंभिक जांच में शौचालय के आसपास रासायनिक पदार्थों का इस्तेमाल करने वाली साई इलेक्ट्रोप्लेट इकाई की जानकारी सामने आई है। इसके आसपास बने कई झोपड़ों और निर्माणों को भी अवैध बताया गया है।

वनराई पुलिस ने इकाई से जुड़े गाला मालिक नवीनभाई चावड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि रासायनिक पदार्थ या उसकी गंध शौचालय तक कैसे पहुंची। प्रशासन ने पदार्थ की पहचान और घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# हिरण के मांस के साथ आठ संदिग्ध शिकारी गिरफ्तार

## टोल प्लाजा पर जांच में 13 किलो मांस बरामद

## एयर गन और दो वाहन भी पुलिस ने जब्त किए

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में विशेष अभियान दल और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रायकल टोल प्लाजा के पास आठ संदिग्ध शिकारियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से 13 किलोग्राम हिरण का मांस, एक वायुबंदूक और दो वाहन बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार टीम को सूचना मिली थी कि कुछ लोग प्रतिबंधित वन्यजीव का मांस लेकर जा रहे हैं। इसके बाद रायकल टोल प्लाजा के पास वाहनों की जांच शुरू की गई। संदिग्ध वाहनों को रोककर तलाशी लेने पर मांस और वायुबंदूक बरामद हुई।




कार्रवाई के बाद सभी आठ संदिग्धों को कोथुर थाने ले जाया गया। पुलिस ने वन विभाग के अधिकारियों को भी सूचना दी, जिसके बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जब्त सामग्री की जांच शुरू की।

पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम अब यह पता लगाने में जुटी है कि हिरण का शिकार कहां किया गया और मांस को कहां ले जाया जा रहा था। अधिकारियों ने शिकार में इस्तेमाल वायुबंदूक और दोनों वाहनों की भी जांच शुरू कर दी है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# स्कूल मान्यता के नाम पर फर्जीवाड़ा, चार ठिकानों पर छापे

## सीसीबी ने 30 दस्तावेज जब्त किए, आरोपी मुथुकुमार फरार

## तीन आरोपी पहले गिरफ्तार पूर्व मंत्री से भी जुड़ी जांच



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तमिलनाडु में निजी स्कूल को सरकारी मान्यता दिलाने के नाम पर कथित फर्जीवाड़े के मामले में चेन्नई पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा ने कल्लाकुरिची जिले में चार ठिकानों पर तलाशी ली। कार्रवाई फरार आरोपी मुथुकुमार के रिश्तेदारों और परिचितों से जुड़े परिसरों में की गई। पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान बैंक से संबंधित अभिलेख समेत करीब 30 महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

जांच के अनुसार, मुथुकुमार चेन्नई के टी. नगर में 'ग्लोबल 360 डिग्री' नाम से फर्म चलाता था। आरोप है कि उसने स्कूल शिक्षा विभाग से मान्यता दिलाने का भरोसा देकर निजी स्कूल प्रबंधन से रकम ली। उसके रिश्तेदार सरवनन पर वित्तीय लेनदेन में सहयोग करने का आरोप है। शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया। बीटी अरसाकुमार, सुरेश और राजा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

जांच के दौरान पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री अनबिल महेश पोय्यामोझी से जुड़े परिसरों की भी तलाशी ली गई थी। पुलिस अब दस्तावेजों और कथित वित्तीय लेनदेन की जांच कर रही है।

# यूपीआई शुल्क पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर कारोबारियों से शुल्क वसूलने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तत्काल रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने मामले में केंद्र सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम और यूपीआई संचालन समिति को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए यह भी सवाल उठाया कि कारोबारियों से लिया जाने वाला



व्यापारी छूट शुल्क आखिर शुल्क, कर या किसी अन्य श्रेणी में आता है।

याचिका में इस व्यवस्था से संबंधित अधिसूचना और 15 सितंबर को जारी

## केंद्र समेत संबंधित पक्षों को नोटिस, जवाब मांगा

## दो हजार से अधिक भुगतान पर शुल्क का मामला

ढांचे को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि इसके लिए पर्याप्त कानूनी आधार नहीं है।

प्रस्तावित व्यवस्था के तहत दो हजार रुपये से अधिक के कारोबारी यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत व्यापारी छूट शुल्क लिया जाना है। दो हजार रुपये तक के भुगतान और दो व्यक्तियों के बीच सामान्य यूपीआई लेनदेन को शुल्क–मुक्त रखने की बात कही गई है।

सरकार के अनुसार यह शुल्क ग्राहकों से नहीं, बल्कि कारोबारियों से लिया जाएगा और इससे प्राप्त राशि का उपयोग बैंकों तथा भुगतान मंचों की आधारभूत संरचना और सुरक्षा व्यवस्था में किया जाएगा। नई व्यवस्था 15 अक्टूबर से लागू होनी प्रस्तावित है।

# शरद पूर्णिमा पर सजेगा गिर्राज तलहटी में छप्पनभोग

## 23 से 25 अक्टूबर तक होंगे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम

## 24 अक्टूबर को अभिषेक, 25 को होंगे छप्पन भोग दर्शन



छप्पनभोग महोत्सव के कार्ड का विमोचन करते पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री गिर्राज जी सेवा ट्रस्ट के चरण सेवकों की बैठक स्टेट बैंक चौराहा स्थित होटल में हुई। इसमें श्री गिर्राज जी महाराज के 40वें छप्पन भोग महोत्सव को भव्य बनाने को लेकर मंथन किया गया। सदस्यों ने उत्साह के साथ सुझाव दिए और गिर्राज महाराज का जयघोष करते हुए निमंत्रण पत्र का विमोचन किया।

दीनदयाल अग्रवाल चौपइया वालों ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव 23 से 25 अक्टूबर तक गिरवर निकुंज आन्यौर परिक्रमा मार्ग तलहटी गोवर्धन में होगा।

23 अक्टूबर की शाम ट्रस्ट परिवार दुग्ध धारा के साथ गिरिराज महाराज की परिक्रमा कर महोत्सव का शुभारंभ होगा। 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे श्री गिर्राज जी का अभिषेक होगा। शाम आठ बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

25 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से साधु सेवा-प्रसाद वितरण होगा। दोपहर दो बजे से दिव्य छप्पन भोग के दर्शन और शाम सात बजे से भजन संध्या होगी।

बैठक में जयंतीप्रसाद अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल (श्री ग्रुप), राजेश बजाज, महेश बंसल (भट्टे वाले), मुकेश अग्रवाल 'डब्बू', प्रदीप अग्रवाल 'आरके', उमेश गुड़ेरा, संजीव अग्रवाल, कृष्णदास मित्तल पिंकी, विनोदबिहारी माहेश्वरी, विष्णुस्वरूप अग्रवाल, निखिल गर्ग, दिलीप कुमार, एएन भाटिया, दिनेश कुमार, अरविंद गुड़ेरा, रोहित मित्तल, दीनदयाल अग्रवाल, विशाल बंसल, अभय गुप्ता, शिखर अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल और कृष्णमुरारी अग्रवाल मौजूद रहे।

उठावनी



स्व. श्रीमती पद्मावती जी

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हम सबकी पूज्यनीय श्रीमती पद्मावती जी (पत्नी स्व. श्री बांकेलाल सर्राफ) का गोलोकवास दिनांक 27.09.2026 को हो गया है। उठावनी दिनांक 29.09.2026 दिन (मंगलवार) को महिलाओं एवं पुरुषों (दोनों पक्षों) की दोपहर 2 से 3 बजे तक अग्रवाटिका, मसानी बाईपास लिंक रोड़, मथुरा पर होगी।

-: शोकाकुल :-

नवल किशोर-शोभा, गिर्राज किशोर-तनु
राज किशोर-मीनू (पुत्र-पुत्रवधू)

सुषमा-विनोद (पुत्री-दामाद)
कौशल-निष्ठा
यश-शिवांगी (पौत्र-पौत्रवधू)
पारुल-हर्षित, अल्पा-तुषार
सलोनी-गौरव
(पौत्री-पौत्रीदामाद)
कृषिव (प्रपौत्र)

अखिल-प्रियंका, निखिल-नेहा
(धेवता-धेवतावधू)
कुशाग्र, रितिक, रिया
प्रणय (पौत्र-पौत्री)
ताराचन्द, गोविन्द प्रसाद
गोपाल प्रसाद, ओमप्रकाश (देवर)
बनवारी, बल्देव, पंकज (भतीजे)

एवं समस्त गोयल परिवार।

-: प्रतिष्ठान :-

- बांकेलाल नवलकिशोर सर्राफ, मथुरा मो. 9412801515
- तिलक वेंचर्स लिमिटेड, मुंबई मो. 9930522633
- बांकेलाल राज किशोर सर्राफ, मथुरा मो. 9412676551
- फ्लोरेंस गार्डन, मथुरा मो. 9045822012

-: मायका पक्ष :-

दामोदर दास आनन्द कुमार सर्राफ, लखनऊ
दामोदर दास मुरारीलाल सर्राफ, मथुरा

## श्री खाटू श्याम सेवादार परिवार दिसंबर में कराएगा श्याम कथा


श्री खाटू श्याम सेवादार परिवार की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री खाटू श्याम सेवादार परिवार की वर्किंग कमेटी की बैठक स्थानीय होटल में हुई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। मंडल द्वारा दिसंबर में तीन दिवसीय श्री श्याम कथा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कथा के प्रत्येक दिन के लिए यजमान बनाए जाएंगे। प्रथम दिन नगर में भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक के मुखारविंद से श्री श्याम कथा का वाचन होगा।

बैठक में मंडल अध्यक्ष संदीप अग्रवाल को महाराजा अग्रसेन बनने पर मुख्य सलाहकार राजेश अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल ने पटका पहनाकर स्वागत किया। संस्थापक राजीव अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रियांक मल्होत्रा, उपाध्यक्ष अतुल बंसल, सचिव आलोक जैन, कोषाध्यक्ष नीलू गोला, सहसचिव मोहित मित्तल और अजय गोला, प्रचार मंत्री भूपेंद्र गर्ग, ऑडिटर लवनीश अग्रवाल, संगठन मंत्री विनय अग्रवाल, मीडिया प्रभारी उमेश भदौरिया, नितिन गर्ग, संजीव सिंघल, विजय मित्तल, राहुल अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, माधव गोयल और शुभ विंदल मौजूद रहे।

## रिफाइनरी में आग लगने की स्थिति का किया गया मॉक ड्रिल



**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी में संभावित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए सोमवार को बीजी-1, ओएम एंड एस आपातकालीन पूर्वाभ्यास (मॉक ड्रिल) किया गया। आपात स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता का परीक्षण किया। पूर्वाभ्यास में बीजी–1 लोडिंग गैंट्री पर वैगन में मोटर स्पिरिट (एमएस) की लोडिंग के दौरान ओवरफिलिंग से स्पिरिट फैलने, वाष्प बादल बनने और क्षतिग्रस्त लाइट फिटिंग के संपर्क में आने से आग लगने की स्थिति दर्शाई गई। सूचना मिलते ही आपातकालीन शटडाउन किया गया और फायर एंड सेफ्टी कंट्रोल रूम सहित संबंधित नियंत्रण कक्षों को सूचना दी गई। वाटर स्प्रे सिस्टम सक्रिय कर फोम फायर टेंडरों को मौके पर भेजा गया। स्थिति को देखते हुए लेवल–1 और बाद में लेवल–2 आपातकाल घोषित किया गया। गैर-संबंधित लोगों को असेंबली प्वाइंट पर भेजा गया, जबकि सीआईएसएफ ने क्षेत्र की घेराबंदी और यातायात नियंत्रण संभाला। सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन भी किया गया। अभ्यास के बाद समीक्षा बैठक में कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की और सफल आयोजन के लिए सभी की सराहना करते हुए सुधार के सुझाव दिए।

## सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत केआर कॉलेज में लगा करियर काउंसलिंग मेला



करियर काउंसलिंग मेले में छात्रों का साक्षात्कार करते महाविद्यालय के प्रचार्य प्रवीण कुमार अग्रवाल आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के तत्वावधान में 'सेवा संकल्प अभियान एवं विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के अंतर्गत करियर काउंसलिंग मेले का आयोजन किया गया।

उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को अपने निर्धारित लक्ष्य के प्रति जुनून और समर्पण के साथ निरंतर तैयारी के साथ किया गया। करियर काउंसलिंग मेले में अन.ई.ई.टी. के पवन वरुण ने आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर सहित अन्य पदों के लिए चयन प्रक्रिया के तहत छात्र–छात्राओं के साक्षात्कार किया। कार्यक्रम में प्रवेश कुमार शर्मा, अशोक कुमार कौशिक, नवीन अग्रवाल और एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. कपिल कौशिक रहे।

## मारपीट में पति गंभीर घायल

**यूनिक समय, गोवर्धन।** थाना क्षेत्र के देवसेरस गांव में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना 26 सितंबर की रात करीब नौ बजे की बताई गई है। अकबरी ने पुलिस को शिकायत दी है। रात के समय अकबरी का पति मजलिस घर पर मौजूद था। तभी वकील, फकरू, कालू, शहजाद, अकरम, इल्लू और दो–तीन अज्ञात लोग वहां पहुंचे। आरोप है कि आरोपितों ने अकबरी, उसके पति और बच्चों के साथ गाली–गलौज शुरू कर दी। इसके बाद लाठी–डंडों से मजलिस के साथ मारपीट की गई। हमले में मजलिस जमीन पर गिर गया और उसके पैर- आंख में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद घायल मजलिस को थाना गोवर्धन ले जाया गया। वहां से उसे सरकारी अस्पताल गोवर्धन भेजा गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए मथुरा रेफर किया, जहां निजी अस्पताल में उसका उपचार जारी है।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से रिक्शा सवार घायल

**यूनिक समय, मथुरा।** गोविंद नगर थाना क्षेत्र में बंगाली घाट चौकी के सामने तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में रिक्शा सवार धर्मेंद्र समेत अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। संगीत सिंह निवासी जमुनापार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 सितंबर की शाम करीब छह बजे उनका भाई धर्मेंद्र रिक्शा में बैठकर वृंदावन से मथुरा की ओर आ रहा था। जैसे ही रिक्शा बंगाली घाट चौकी के सामने पहुंचा, पीछे से आ रही स्कॉर्पियो के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए रिक्शा में टक्कर मार दी।

## पथराव, फायरिंग करने वाले तीन गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** रिफाइनरी पुलिस ने पथराव और फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। रिफाइनरी पुलिस ने गिरराज वाटिका कॉलोनी में हुए झगड़े में जतिन निवासी कोयला अलीपुर, सचिन निवासी कृष्णाकुंज कॉलोनी और संस्कार निवासी कदम बिहार को मारपीट, पथराव कर जानसे मारने के लिए फायरिंग करने के मामले में गिरफ्तार किया है।

## सड़क हादसे में महिला गंभीर घायल

**यूनिक समय, छाता।** थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक महिला गंभीर घायल हो गई। भरतपुर के बापू नगर कुम्हेर गेट निवासी फौरन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी पत्नी विरमा देवी के साथ मोटरसाइकिल से भरतपुर जा रहे थे। करीब 11:50 बजे अकबरपुर पुल पर चढ़ते समय अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में विरमा देवी के दोनों पैर और एक हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना छाता क्षेत्र में अकबरपुर पुल के पास हुई।

## मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप

**यूनिक समय, गोवर्धन।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुखराई में एक महिला ने अपने पति के भाई समेत तीन लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना 18 सितंबर को दोपहर करीब 3:30 बजे की बताई गई है। साईना निवासी ग्राम मुखराई ने बताया कि आरोपी सलीमा, मुस्ताक और दीक्षा शर्मा कथित रूप से उसके घर में घुस आए। आरोप है कि इस दौरान उसके साथ गाली–गलौज और मारपीट की गई।

## 101 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व सांसद किशन शर्मा का अभिनंदन



भरतपुर के पूर्व सांसद रामकिशन शर्मा के स्वागत समारोह में पूर्व मंत्री श्याम सुंदर शर्मा और गणमान्य लोग।

**यूनिक समय, मथुरा।** भरतपुर से सांसद, कई बार विधायक रहे रामकिशन शर्मा के 101 वर्ष की आयु पूरी करने पर गोवर्धन रोड स्थित एक होटल में नागरिक अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि रामकिशन शर्मा ने राजस्थान के राजनीतिक और सामाजिक जीवन में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने केंद्र सरकार से रामकिशन शर्मा को भारत रत्न से सम्मानित करने की बात रखी। दीपक मिश्रा ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया के साथ देश के लिए किए गए आंदोलनों में रामकिशन शर्मा के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। पूर्व विधायक हुकुमचंद तिवारी ने भी उनके सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए उनके लंबे सार्वजनिक जीवन की सराहना की। नरेंद्र कृष्ण गौतम ने अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत कर समारोह में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष गुरुदेव शर्मा ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर उपाध्याय, चेतन स्वरूप पाराशर, पन्नालाल गौतम, सुरेंद्र शर्मा, कुश कुमार सिंह, कुंवर नरेंद्र सिंह, जगदीश कौशिक, अशोक चकलेश्वर, सईद कुरैशी, राधेश्याम गौतम, मुकेश धनगर, धर्मदत्त गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन शिवदत्त चतुर्वेदी, विनीत ने किया। अध्यक्षता राजेंद्र केसोरैया ने की।